
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 76 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 04 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



उस व्यक्ति में बहुत कमियां होती है, जो इच्छा, आकांक्षा को अधिक रखता है।

A man of abundance desire and appirations suffers from many shortcomings.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन आज एवं कल रहेंगे नई दिल्ली प्रवास पर

**रायपुर (विसं)।** वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन बुधवार 04 सितम्बर एवं गुरुवार 05 सितम्बर को नई दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार श्री देवांगन 4 सितम्बर को शाम 6 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 7 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन 5 सितम्बर को सबेरे 10 बजे सभी राज्यों के उद्योग मंत्रियों के कांन्फ्रेंस में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम द्वारिका स्थित पलाश हॉल में यशोभूमि, उद्योग संगम में आयोजित होगा। तत्पश्चात मंत्री श्री देवांगन शाम 7 बजे इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय विमानतल नई दिल्ली से रायपुर के लिए प्रस्थान कर शाम 8:50 बजे रायपुर लौट आयेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता का हुआ निधन

**उज्जैन (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव का मंगलवार को निधन हो गया। वे करीब 100 वर्ष के थे और एक हफ्ते से बीमार चल रहे थे। जिसके चलते उन्हें उज्जैन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को ही उज्जैन आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके बेटे महा आर्यमन सिंधिया ने अस्पताल जाकर उनका हाल-चाल जाना था।

## दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के वीर जवानों को दी बधाई





**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने एनकाउंटर में 9 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों के शव के साथ SLR राइफल, 303 और 315 बोर राइफल, विस्फोटक सामान समेत कई जरुरी दस्तावेज बरामद हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जवानों और नक्सलियों के बीच करीब 13 घंटे तक मुठभेड़ हुई। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के वीर जवानों को बधाई दी। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अपने बयान में कहा कि ये प्रकिया नियमित है. डिप्टी सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह हमारे जवानों की दृढ़ता और उनकी भुजाओं की ताकत के कारण संभव हो पा रहा है। बस्तर में शांति स्थापित हो रही है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्यरत है और हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि, बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव की तरफ पश्चिम बस्तर डिवीजन के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद ज्वाइंट ऑपरेशन के लिए डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को सोमवार रात को रवाना किया गया था। इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज ने कहा कि दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों के होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। मंगलवार सुबह 10:30 बजे जवानों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की खबर आई। जिसके बाद 9 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस जवानों को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिसबल के जवानों द्वारा 09 नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिलने पर डीआरजी और सीआरपीएफ के वीर जवानों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही यह सुरक्षाबल के जवानों के लिए बड़ी सफलता है। मैं इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा अधिकारियों, जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ संगठन के तमाम दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में हुई 'भाजपा सदस्यता अभियान' की शुरुआत

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने भाजपा की सदस्यता ली



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ संगठन के तमाम दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई. सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ली। उनके साथ ही महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सैकड़ों कार्यकर्ता भी पहुंचे हैं. राज्य में 31 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलेगा, जिसमें हर ब्लॉक में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है. इस तरह से प्रदेश में भाजपा ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल सदस्यता ली है. आज प्रदेश में संघठन महापर्व अभियान की शुरुआत हुई है. आज हम लोगों ने सदस्यता लेकर अभियान की शुरुआत कर ली है. आज दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल के सदस्यता अभियान की शुरुआत हो रही है. हमारे पार्टी की शुरुआत भारतीय जनसंघ पार्टी के रूप में हुई थी. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपातकाल के बाद में भारतीय जनता पार्टी को स्थापना हुई है. तब से भाजपा की यात्रा शुरू हुई. एक समय हमारे पास सिर्फ 2 सांसद रहते थे. लेकिन अब छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा के कमल खिलने का भरोसा जताया था. देश के तेरह राज्यों में बीजेपी की सरकार चल रही है.

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि मंगलवार 3 सितंबर को प्रदेश में सदस्यता अभियान का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सदस्यता अभियान का शुभारंभ 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के हाथों सदस्यता ग्रहण कर किया और 3 सितंबर को इस अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू सहित पार्टी पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद उपस्थित रहे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देशभर में 52 करोड़ से ज़्यादा पौधे लगाए गए

**दिल्ली (पीआईबी)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने आज एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देश भर में वृक्षारोपण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे देश में 52 करोड़ से ज़्यादा पौधे लगाए गए हैं।

## भारतीय नौसेना के आंध्र प्रदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयास

**एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) में फंसे हुए 22 कर्मियों को बचाया**

**दिल्ली (पीआईबी)।** आंध्र प्रदेश में भीषण वर्षा के बाद बाढ़ जैसी स्थिति के कारण स्थानीय प्रशासन से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान के भारतीय नौसेना के विमान, बाढ़ राहत दल (एफआरटी) एवं गोताखोरों की टीमों को राज्य में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) प्रयासों को मजबूत करने के लिए तैनात किया गया है। चार हेलीकॉप्टर (02 एएलएच और 02 चेतक) और एक डोर्नियर विमान को सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) कवरेज प्रदान करने के लिए तैनात किया गया है। अब तक 22 फंसे हुए कर्मियों को बचाया गया है और फंसे हुए व्यक्तियों के लिए 1000 किलो से अधिक खाद्य सामग्री को हवाई जहाज से गिराया गया है। बचाव कार्यों को बढ़ाने के लिए 10 बाढ़ राहत दल को भी तैनात किया गया है। आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अतिरिक्त नौसेना परिसंपत्तियों और संबंधित गियरों के साथ बचाव दलों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का महाराष्ट्र दौरा, आज करेंगी उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन



**लातूर (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को लातूर में होंगी। यहां वो उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और फिर महिला आनंद मेले समारोह का हिस्सा बनेंगी।

राष्ट्रपति अपनी यात्रा के पहले दिन कोल्हापुर के वरणानगर में श्री वरणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं। दूसरे दिन यानि आज (3 सितंबर) वह पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। अपनी यात्रा के आखिरी दिन बुधवार को वह लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और शासन अव्यान दारी और मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगी। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना को महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा 28 जून, 2024 को लॉन्च किया गया था। योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता और सशक्तिकरण प्रदान करना है। इस योजना को पूरे राज्य की महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक पूरे महाराष्ट्र से 2 करोड़ 40 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार पहले ही दो किस्तों में लाभार्थियों को पैसे दे चुकी है। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना के लिए महिलाओं के आवेदन की प्रक्रिया जारी है। वैसे तो इस योजना के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 31 अगस्त थी, लेकिन इस योजना के प्रति पात्र महिलाओं के उत्साह को देखते हुए शिंदे सरकार बड़ा फैसला ले सकती है।

## तीन दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुनेई-सिंगापुर रवाना, इन मुद्दों पर होगी चर्चा...



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। भारत-बुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों ने 40 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी बुनेई दारुस्सलाम के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने पहुंच रहे हैं।

पीएम मोदी की बुनेई दारुस्सलाम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा को लेकर पीएम ने अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं। कहा, अगले दो दिनों में मैं बुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर का दौरा करूंगा। इन देशों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, भारत के इन देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

पोस्ट में मुलाकात का पूरा ब्योरा दिया गया है। आगे लिखा है, भारत-बुनेई दारुस्सलाम राजनयिक संबंधों ने 40 शानदार वर्ष पूरे कर लिए हैं। मैं महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने के लिए उत्सुक हूं। सिंगापुर में, मैं राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली हिसयन लूंग और ईएसएम गोह चोक टोंग के साथ बातचीत करूंगा। हम प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी 4 सितंबर को बुनेई से सिंगापुर के लिए रवाना होंगे। वहां पहुंचकर वे सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली हिसयन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी सिंगापुर के बड़े कारोबारियों से भी मुलाकात करेंगे। जिनसे डिजिटलाइजेशन और सतत विकास के नए और उभरते क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

बता दें कि बुनेई के सुल्तान हसनल बोल्कियाह दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं और उनकी लाइफस्टाइल काफी चर्चा में रहती है। बोल्कियाह के पास 7000 कारों के साथ-साथ प्राइवेट जेट भी है।

सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने 1967 में बुनेई की गद्दी संभाली थी, तब उनकी उम्र सिर्फ 21 साल थी। 4.5 लाख की आबादी वाले बुनेई पर बोल्किया परिवार 600 सालों से राज कर रहा है और सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया शाही परिवार के 29वें वारिस हैं। वह बुनेई के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री भी हैं।

## दिग्गज आदिवासी नेता नंदकुमार साय की घर वापसी; बीजेपी में हुए शामिल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के दिग्गज आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने विगत मंगलवार को बीजेपी की सदस्यता ले ली है। बता दे की छत्तीसगढ़ में विगत मंगलवार को बीजेपी की सदस्यता अभियान एप्प लॉन्च हुआ। इस मौके पर साय ने भी ऑनलाइन बीजेपी की सदस्यता ली। मिली जानकारी अनुसार उन्होंने मंगलवार शाम को सीएम हाउस में सीएम साय और बीजेपी के सीनियर नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने बीजेपी के सदस्य बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। बता दें कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद से ही नंदकुमार साय की घरवापसी की बात चल रही थी। नंदकुमार साय छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी नेता माने जाते हैं। वह राज्य के पहले नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं. इसके अलावा वह विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। बता दे की बीजेपी से राजनीति करने वाले साय 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले वह बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जहां कांग्रेस की तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया था. उनके कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा भी थी. लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था।

बीजेपी की सदस्यता लेने के नंदकुमार साय ने कहा कि अब परिस्थियां बदल गई हैं। इसलिए मैंने फिर से भाजपा जॉइन किया है। जब मैंने पार्टी को छोड़ा था तब पार्टी में 60 साल से ज्यादा वाला फॉर्मूला था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, हम भाजपा को स्थापित करने वाले नेता हैं। इसे और मजबूत करना है। पार्टी में किस भूमिका में काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, पार्टी किस भूमिका में काम करायगी यह पार्टी तय करेगी।

## रक्षा मंत्रालय ने 1.45 लाख करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने स्थानीय रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए मंगलवार को भारतीय सेना के टैंकों बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 1,44,716 करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। मंत्रालय ने बताया कि कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा 'खरीदें (भारतीय)' और 'खरीदें (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये, विकसित और निर्मित)' श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्रोतों से है। इस कदम से भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू वाहनों (एफआरसीवी), एयर कंट्रोल फायर डिफेंस रडार, डोर्नियर-228 विमान, फास्ट पेट्रोलिंग नौकाओं और तट से दूर पेट्रोलिंग के लिए जहाजों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफआरसीवी भविष्य का एक मुख्य युद्धक टैंक होगा। इसमें बेहतर गतिशीलता, हर तरह के इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक फायर और वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जानकारी होगी। सरकार ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जो हवाई लक्ष्यों का पता लगाएगा और उन्हें ट्रैक करेगा तथा फायरिंग समाधान प्रदान करेगा।

मंत्रालय ने कहा, फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) के लिए भी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें मशीनीकृत ऑपरेशन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस-कंट्री मोबिलिटी है। यह उपकरण आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, और यह मशीनीकृत इन्फेंट्री बटालियन और आर्मर्ड रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन एओएन दिए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन विशेषताओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती पोत, और उन्नत प्रौद्योगिकी तथा ज्यादा लंबी दूरी के संचालन के साथ अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत के आईसीजी में शामिल होने से निगरानी, समुद्री क्षेत्र की गश्त, खोज और बचाव तथा आपदा राहत कार्यों को करने की बल की क्षमता बढ़ेगी।

## कोलकाता कांड की जांच के बीच ऑडियो क्लिप हुआ वायरल, घोष और 'दीदी' का जिक्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले की जांच के बीच एक ऑडियो क्लिप वायरल हो रहा है। इसे लेकर दावा किया गया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के 2 जूनियर डॉक्टर्स बातचीत कर रहे हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के प्रभाव और पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ उनके संबंधों का जिक्र होता है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस ऑडियो की सत्यता को लेकर पुष्टि नहीं करता है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि वायरल क्लिप में एक आवाज संदीप घोष के सहयोगी डॉ. सारिफ हसन की है, जिससे सीबीआई पहले ही तीन बार पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि ऑडियो क्लिप में दूसरी आवाज डॉ. अनुभव साहा की है, जो घोष की मंडली के खिलाफ बताए जाते हैं। एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, साहा ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना से महीनों पहले हसन के साथ उनकी बातचीत की यह कॉल रिकॉर्डिंग है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का किया शुभारंभ

**कहा- विकसित भारत का निर्माण विकसित खेती के बिना नहीं हो सकता, समृद्धि किसान के बिना नहीं हो सकती**

### किसान सबसे बड़ा उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी है : चौहान




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूसा, नई दिल्ली में एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ किया। शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंकों और राज्यों को उनके प्रयासों की सराहना करते हुए एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राम नाथ ठाकुर और सचिव देवेश चतुर्वेदी भी मौजूद थे।

श्री चौहान ने कहा कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तो किसान उसके प्राण है देश की जीडीपी में 18त्न योगदान आज भी कृषि का है। किसान सबसे बड़ा उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी है 50त्न से ज्यादा लोग खेती पर जिंदा हैं। कृषि मंत्री और किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खेती में आय दोगुनी करने का अभियान शुरू किया हैं, और उनके पास किसानों के लिए 6 सूत्र हैं, जिन पर वे काम कर रहे हैं। पहला उत्पादन बढ़ाना, जिसके लिए अच्छे बीज जरूरी हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 65 फसलों के बीजों की 109 प्रजातियां किसानों को समर्पित की हैं। उन्होंने बताया कि चावल की एक किस्म ऐसी है जिसे 30 फीसदी कम पानी की जरूरत होती है। बाजरा की एक किस्म ऐसी है जिसकी फसल 70 दिन में तैयार हो जाती है। ऐसे बीज हैं, जो जलवायु के अनुकूल हैं और बढ़ते तापमान में भी बेहतर उत्पादन देते हैं। श्री चौहान ने बताया कि उत्पादन की लागत कम करना उनका दूसरा संकल्प है। तीसरा संकल्प उपज का सही मूल्य दिलाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि का विविधीकरण सरकार के रोडमैप में है और हम परंपरागत फसलों के साथ-साथ अधिक आय वाली फसलों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि हम नए विचारों के साथ किस तरह से खेती में प्रयोग कर सकते हैं, हम कब तक रासायनिक खाद का उपयोग करते रहेंगे? इससे उर्वरा क्षमता भी कम होती है और उत्पादन तथा मानव शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

श्री चौहान ने कहा कि दूसरा- उत्पादन की लागत कम करना ङ्क कम लागत करके किसान को फायदा होगा और उस दिशा में सरकार कदम उठा रही है अलग-अलग तरह की कृषि पद्धतियों में लागत कम करने के लिए ही सब्सिडी बैंकों को दी जा रही है। किसान को यूरिया की एक बोरी खरीदने पर 2100 रुपए की सब्सिडी मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 भारत को पूर्ण रोजगार युक्त बनाना है




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** स्वावलंबी भारत अभियान की स्थापना भारत में युवा शक्ति को स्वरोजगार व उद्यमी बनाने के लिए की गई है। स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 भारत को पूर्ण रोजगार युक्त बनाना है, बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले में स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 21 अगस्त से 2 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसी आयोजन के तहत दिनांक 3 सितंबर को पलारी शासकीय महाविद्यालय पलारी और वटगन शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्रोत्साहन का कार्यक्रम छात्रों के साथ संवाद कर किया गया। इस सम्मेलन में डॉ. जय नारायण केसरवानी, पूर्व प्राचार्य, शोधार्थी छात्र, समाजसेवी शालीन साहू व अभियान प्रभारी सौरभ साहू ने सभी छात्रों के साथ आत्मनिर्भर भारत, स्वरोजगार के विषय में संवाद किया संबंधित महावि. के प्रभारी प्राचार्य प्रो. चंद्रकांत जलहरे व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. खरे, स्टाफ सहित उपस्थिति रही कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों के समक्ष नौकरी व रोजगार की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं के कौशल व उद्यमिता मे अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के सामने अनेक अनेक युवा व्यापारियों का उदाहरण सामने रखा वह उनसे सीखने और अपने पढ़ाई के साथ-साथ इस स्वरोजगार के विषय में भी सोचने के लिए प्रेरित किया।

### पलारी की आवर्धन जलप्रदाय योजना के लिए 15 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** अवर सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विकासखंड पलारी स्थित "पलारी नगर की आवर्धन जलप्रदाय योजना" की पुनरीक्षित लागत 15 करोड़ 43 लाख 97 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह प्रशासकीय स्वीकृति आकस्मिक शुल्क 1 प्रतिशत की पूर्व स्वीकृति 10.55 लाख रूपए तक सीमित करने की शर्त पर प्रदान की गई है। इस योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा। योजना के कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्य विभाग के प्रावधानों के तहत् विस्तृत प्राक्कलन बनाकर सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के मेघावी विद्यार्थियों को स्वेच्छा अनुदान से 3 लाख 45 हजार का चेक किया प्रदान

- कबीरधाम जिले के 59 मेघावी छात्राओं के हौसलों को मिली उड़ान
- उपमुख्यमंत्री ने मेघावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और बेहतर कैरियर निर्माण के लिए बढ़ाया मनोबल
- विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर छत्तीसगढ़ सरकार को दिया धन्यवाद



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान जिले के 59 मेघावी विद्यार्थियों को स्वेच्छा अनुदान से 3 लाख 45 हज़ार का चेक प्रदान किया। कबीरधाम जिले के 59 मेघावी छात्राओं के हौसलों को उड़ान मिली है। इसमे कक्षा दसवीं के 49 मेघावी विद्यार्थी को 5-5 हजार रुपए की प्रतिमान से 2 लाख 45 हजार रुपए और कक्षा बारहवीं की 10 मेघावी विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए की प्रतिमान से 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चेक प्रदान किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और आईएएस, आईपीएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के उच्च पदों पर जाने और डॉक्टर एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में बेहतर कैरियर निर्माण के लिए मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की सीख दी और कहा कि कड़ी मेहनत से ही हम सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सकते है। सफलता की कोई शार्ट कट नही होता। उपमुख्यमंत्री ने कहा की आगे बढ़ने के लिए बेहतर संगति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। हमें नशा से दूर रहना होगा। अच्छी किताबे और साहित्य का नियमित अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त कर छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कबीरधाम जिले के 30 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने अधिकारियों को दिलाई शपथ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सबको शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने जिले के तीस हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि प्रदेश में 1 से 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अधिकारी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता और जिला परियोजना अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आजीविका का एक मुहिम के लिए रबर प्लांटेशन को बढ़ावा देने हेतु की जा रही पहल : कलेक्टर विजय दयाराम के.

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि आजीविका का एक मुहिम के लिए रबर प्लांटेशन को बढ़ावा दिया जाने की पहल की जा रही है। बस्तर का वातावरण रबर प्लाटेशन के लिए उपयुक्त है, साथ ही सरकार की मंशा है रबर जैसे व्यावसायिक उत्पाद को बढ़ावा देना है। रबर की खेती में पौधे बड़े होने में लगभग पाँच साल लगेंगे इसके बाद हर वर्ष लाखों की आमदनी होने की संभावना है इसीलिए केंद्र सरकार की रबर बोर्ड इसके लिए




भारतवर्ष में कार्य कर रही है। बस्तर में पिछले वर्ष डिलमिली क्षेत्र में और कृषि कॉलेज के परिसर में रबर प्लांटेशन किया गया। आज सरगीपाल के लगभग ढाई एकड़ जमीन में करीब 4 सौ पौधे का रोपण किया गया। गांव के चयनित जगह पर रबर पेड़ की खेती में ज्यादा से ज्यादा महिला समूह को जोड़ना है। इसके अलावा स्वतंत्र व्यक्ति भी अपने खेत रबर के पौधे भी लगा सकते है। पौधे बड़े होने पर इससे निकलने वाले रबर की खरीदी के लिये कम्पनियाँ आकर ले जाएगी। जिला प्रशासन की पहल पर रबर बोर्ड और उद्यानिकी विभाग के समन्वय से जिले में दस हजार रबर के उत्पादन हेतु पौधारोपण किया जा रहा है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने वृक्षारोपण किया और अभियान की शुरूआत की। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री जी.के. निर्माम, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. राजेन्द्र लाकपाले एवं विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं एन.एस.एस. की छात्र-छात्राओं द्वारा 300 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जा रहा है। देश भर में आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण में सन्तुलन बनाये रखना, ग्लोबल वार्मिंग को कम करना, स्वच्छ वायु, मृदा व जल की गुणवत्ता में सुधार व जैव विविधता में वृद्धि के साथ अगली पीढ़ी के लिये सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13824/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 24-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13824**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **16** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107I00146** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHAITAN RAMTEKE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHADEV RAMTEKE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SUNITA RAMTEKE 2. SACHIN RAMTEKE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHETANAND RAMTEKE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13816/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 31-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13816**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **04** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F00351** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLA BAI CHAWDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHIRAJ CHAWDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIKRAM SADANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KISAN SADANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित **अटल आवास गातापार, रायपुर में भवन कमांक 79, श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर पिता श्री द्वारिका सिंह ठाकुर,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.012.2018 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। **वर्तमान में श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर पिता श्री द्वारिका सिंह ठाकुर, निवासी:- अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमति गायत्री साहू पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू, निवासी:- वार्ड नं. 16, कबीर पार गांव हसदा नं.-02. तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल आवास गातापार, रायपुर में भवन **क्रमांक 79,** के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14247/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14247**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223L00037** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. M.G. KHANDELWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DURGA PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 **श्रीमती उर्मिला खण्डेलवाल - पति स्व. श्री मदन गोपाल खण्डेलवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती 2 **श्री नीरज खण्डेलवाल - पिता स्व. श्री मदन गोपाल खण्डेलवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14249/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14249**
**वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436G00095** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHARAM ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O MEDE ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रिफत बानो** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - फिरोज अली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14248/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14248**
**वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436M0003A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O KANHIYA LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रिजवाना बानो** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - मोहम्मद फिरोज जलियावाला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14219/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14219**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737A00330** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHAIL GHATGE D/O LAXMAN RAO GHATGE, ASHALATA JADHAV D/O LAXMAN RAO GHATGE, MAYA GHATGE W/O MAHENDRA GHATGE, RAVINDRA GHATGE S/O MAHENDRA GHATGE, ROHIT GHATGE S/O MAHENDRA GHATGE** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री रविन्द्र घाटगे पिता स्व. महेन्द्र घाटगे 2. श्रीमती माया घाटगे - पति स्व. महेन्द्र घाटगे** पिता/पति, श्री/श्रीमती 3 **श्रीमती आशालता जाधव पिता - श्री लक्ष्मण राव घाटगे 4. श्री रोहित घाटगे - पिता स्व. श्री महेन्द्र राव घाटगे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14209/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14209**
**वार्ड का नाम-35-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **35** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224C0134W** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PANKAJ CHANDRAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BAIDHNATH CHANDRAKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रोशन वाधवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **महेश कुमार वाधवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14217/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14217**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **57** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447D00232** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMAN DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GEHIMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **विजय कुमार पिन्यानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. लक्ष्मण दास पिन्यानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14206/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14206**
**वार्ड का नाम-44-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **44** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759C000190** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MR. GANESH RAM SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DOUKALHA SONKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको **1. भूखीन बाई सोनकर 2. चन्द्रभूषण सोनकर, 3 पारस राम सोनकर, तीनो पति/पिता स्व. गणेश राम सोनकर 4. मोनिका सोनकर पति लक्ष्मण सोनकर 5. रानी सोनकर पति राकेश सोनकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स, रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, परिचय पत्र, व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### // शपथ पत्र //

मै, क्षिप्रा सिंह उम्र- वर्ष पति भीष्म परिहार निवासी- नूतन स्कूल के पास, टिकरापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि, मुझे दिनांक- 20.08.2023 को एक पुत्र त्रिविक सिंह परिहार का जन्म ओम हास्पीटल रायपुरा रायपुर में हुआ है।

2. यह कि, मेरे पुत्र के नाम से जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक- बी-2023-22-90434-008964 दिनांक- 24.08.2023 जारी किया गया है जिसमें **त्रुटिवश मेरे पुत्र का घरेलू नाम का स्पेलिंग इवान सिंह परिहार** दर्ज कर दिया गया है।

3. यह कि, यह शपथ पत्र उक्त जारी जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का पुरा व वास्तविक नाम **त्रिविक सिंह परिहार (TRIVIK SINGH PARIHAR)** दर्ज कर संशोधित जेन्स प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु यह शपथ पत्र अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

(क्षिप्रा सिंह)

रायपुर, छ.ग.

दिनांक.........

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./13813/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13813**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0557B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAVI GANGWANI/ANJALI GANGWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. KHILLUMAL GANGWANI/W/O RAVI GANGWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RITIKA MANGHANI/LEELARAM KHILNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O JITESH MANGHANI/S/O GOPICHAND KHILNANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 414 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 116 युआईडी 29564** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **चेतन देवांगन / मनहरण देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनहरण देवांगन / जगेशर देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 415 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 116 युआईडी 29564** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मनहरण देवांगन / जगेशर देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रियंका राजकुमार गुप्ता / राजकुमार गुप्ता** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 408 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड**
**वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 294 युआईडी 24830** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कलिबराव / श्यामराव पवार** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कांति बाई पवार / स्व. कालीब पवार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 409 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड**
**वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 294 युआईडी 24830** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कांति बाई पवार / स्व. कालीब पवार** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **संदीप पवार/स्व. कालीब पवार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# पुलिसिंग ऐसी होनी चाहिए जिससे अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ और जनता में सुरक्षा का भाव हो : पुलिस अधीक्षक

### समाज में बदलाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पत्रकार निभाते हैं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में मेरा 6 माह का कार्यकाल चुनौती के साथ काफी सुखद अनुभव रहा है। पुलिस के लिए हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता है। पुलिस में डेली नया टारगेट लेकर काम करना होता है। पुलिस ऐसा काम करे जिससे पुलिस के प्रति जनता के मन में विश्वास का भाव होना चाहिए। पुलिसिंग ऐसी होनी चाहिए जिससे अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ और जनता में सुरक्षा का भाव हो। उक्त बातें कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता के दौरान हमें ध्येय वाक्य सिखाया जाता है कि



हमें उनकी आवाज बनना है जिनकी आवाज नहीं है। समाज में बदलाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पत्रकार निभाते हैं। कार्यकाल के दौरान मैंने पूर्व में जो अच्छे काम हो रहे थे उसे आगे बढ़ाया। जहां सुधार की जरूरत थी वहां सुधार किया। उन्होंने कहा कि विभाग में भी कई तरह की शिकायतें थी जैसे महिला संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही का अभाव, कार्यकाल के दौरान इस शिकायत को दूर किया गया। उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को लेकर कहा कि कुछ माह पूर्व जो स्थिति थी उससे कहीं अभी स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना रोकना एक चुनौती है। सडक दुर्घटनाओं के मूल कारण की पड़ताल की गई तो सामने आया कि अधिकांश हादसे ट्रकों के कारण हो रहे हैं। ट्रकों के कारण हो रहे हादसे के पीछे कहीं न कहीं सडक किनारे शराब मुहैय्या होना कारण था, जिसे लेकर हमने सडक किनारे ऐसे 8 ढाबों को सील किया। गत वर्ष पूरे साल शराब पीकर वाहन चलाने के 265 प्रकरण पर कार्यवाही की गई थी। जिसके मुकाबले इस साल के 8 माह में ही 1485 प्रकरण में कार्यवाही कर चुके हैं। इसके अलावा पार्किंग की समस्या को लेकर नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नाबालिग बच्चे बाइक चलाते हैं जिसके कारण भी हादसे होते हैं। इसे लेकर पहले स्कूलों के प्राचार्य के साथ मीटिंग की गई फिर बच्चों को सजग कोरबा अभियान के तहत जागरूक किया गया। इसके बाद भी नहीं चेते तो नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सतत कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा जगह-जगह फ्लैक्स व लाइट की व्यवस्था करायी जा रही है। जितना व्यवस्था में सुधार कर सकते हैं उसमें हम प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही चीता स्क्वायड शहर में उतारी जाएगी। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर कहा कि कोरबा में प्रेस और पुलिस का सामंजस्य अव्वल दर्जे का है।

# महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त लोगों को सरकार का संरक्षण : विनोद चंद्राकर

### पिछले अगस्त माह में ही जिले के विभिन्न थानों में दर्ज महिला अपराधों को छुपाया गया

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके हर दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार को भाजपा शासित राज्यों में होने वाले अपराध क्यों नहीं दिखाई देते। भाजपा में न्याय का मापदंड दोहरा क्यों है? उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा राज में अपराधों की ग्राफ में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। महिलाओं से जुड़े अपराध बढ़ते जा रहे हैं। प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिला अपराध के मामले में प्रदेश की स्थिति भयावह है। हर दिन कहीं न कहीं प्रदेश में महिला संबंधित अपराध घटित हो रहे हैं। हर दिन सामुहिक दुराचार हो रहा है, तो कहीं महिलाओं और बच्चियों की हत्या हो रही है। अपराधियों को पुलिस का कोई डर नहीं है। सत्ता संरक्षण में ये बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आज स्थिति यह आ गई है कि राजधानी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। रायपुर नया बस स्टैंड में एक महिला के साथ गैंगरेप हो गया। दूसरे दिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखी, लेकिन उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। दुष्कर्म की शिकायत लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाए उन्हें बचाने में लगी हैं। हर दिन छत्तीसगढ़ में कहीं न कहीं गैंगरेप हो रहा हैं। महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पा रही। पिछले 8 महीने के भाजपा कार्यकाल में प्रदेश भर के थानों में महिला संबंधी अपराधों के मामले दर्ज किए गए हैं। 600 से अधिक रेप हुए हैं। 3000 अन्य अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए। लेकिन सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है। महिलाओं से संबंधित अपराध पर अंकुश लगाने में विफल प्रदेश की भाजपा सरकार इन अपराधों में पर्दा डालने तथा बदनामी से बचने थानों में दर्ज एफआईआर की जानकारी भी नहीं दे रहे हैं।

# ठेका कर्मचारियों ने गेवरा खदान के अंदर एसईसीएल कर्मियों को पीटा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल की गेवरा खदान में रात कोअसिस्टेंट मैनेजर (ईएंडएम ) होपसन मांचे और कर्मचारी संदीप यादव के साथ निजी कंपनी केजेसीएल के चालक व कर्मचारियों ने मारपीट की । अधिकारिक जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात पंप हाउस से पाइप लाइन चेक करते हुए होपसान मांचे व संदीप यादव, आलोक मिश्रा और ड्राइवर कमलेश ऊपर की ओर जा रहे थे। इस बीच टूटे पाइप को बनाने रुकना था, लेकिन रास्ते में रुकावट न हो इस कारण गाड़ी को केजेसीएल के कैंप के पास खड़ा कर दिए। उसके बाद एक कैंप के अंदर से मेंटेनेंस वैन में तीन चार लोग बहुत तेजी से आए और एसईसीएल के कर्मचारियों के एकदम नजदीक आकर रोके। जिसके बाद बहस शुरू हुई और निजी कंपनी के कर्मचारियों ने उनके साथ बदसलूकी की। निजी कंपनी के सुपरवाइजर ने अपने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए भगाया। इस के उपरांत जब एसईसीएल के कर्मचारी अपने काम में लग गए। परंतु थोड़ी देर बाद जब संदीप यादव जब खाना खा रहे थे तब उनके साथ करीबन 10 लोग मारपीट कर रहे थे। जिस दौरान स्टील के पानी बोतल से उनके ऊपर हमला किए जाने की वजह से सिर में गंभीर चोटें सामने आई हैं । उन्हें एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है उनके सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। इस मामले शिकायत पर दीपका पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# पिछली सरकार ने कुपोषण को बढ़ावा देने का किया काम : समाज कल्याण मंत्री

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कांग्रेस की पूर्व सरकार पर हमला बोलते हुए कहा,कि पूर्व सरकार ने प्रदेश में कुपोषण को बढ़ावा देने का काम किया है। कुपोषण को समाप्त करने अगर उनके द्वारा कोई काम किया गया होता,तो आज छत्तीसगढ़ कुपोषण मुक्त राज्य बन चुका होता। भाजपा की वर्तमान सरकार कुपोषण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस पर कुपोषण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में कुपोषण की समस्या गंभीर हो गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में कुपोषण में कमी लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। राजवाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित रूप से पोषित आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे प्रदेश में कुपोषण की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार की योजनाएं और प्रयास जमीनी स्तर पर असर दिखा रहे हैं, और आने वाले समय में कुपोषण की समस्या को और भी नियंत्रित किया जाएगा। राजवाड़े ने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पिछली सरकार के दौरान कुपोषण को नजरअंदाज किया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कुपोषित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। भाजपा सरकार ने इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए कई ठोस कदम उठाए हैं, जिससे अब स्थिति में सुधार हो रहा है। रायपुर जाने के दौरान कटघोरा में मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के पोषण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# सिरकी घाट में मासूम अचानक नदी में बहा, मां बेसुध

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बांगो थाना अंतर्गत पाथा कछार में हसदे नदी के सिरकी घाट में नहाने के लिए पहुंच 25 वर्षीय मां ने एकाएक देखा कि उसका 10 माह का मासूम नदी में बह रहा है तो वह बचाने के लिए दौड़ी। इस फेर में वह डूबने लगी। पास में मौजूद एक चरवाहे ने महिला को बचा लिया लेकिन मासूम आंखों से ओझल हो गया। दो दिन बाद भी उसका पता नहीं चल सका। बच्चे के गम में मां बेसुध है। वहीं अब पुलिस खोज कराने की बात कर रही है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार कछार की रहने वाली 25 वर्षीय महिला सुनीता अपने 10 माह के बच्चे दुष्यंत के साथ हसदेव नदी के सिरकी घाट नहाने गई हुई थी, सुनीता नहा ही रही थी उसी दौरान बच्चा भी खिसकते हुए नदी किनारे तरफ चला गया जहाँ नहाने में मसगुल माँ को भनक नहीं लगी कि उसका बेटा नदी के तेज बहाव की तरफ आ रहा है। वहीं बच्चा के अधिक नजदीक आने के बाद नदी में समा गया और बहने लगा तब माँ की नजर बच्चे पर पड़ी फिर बच्चे को बचाने की कोशिश करने लगी लेकिन काफी देर हो चुकी थी माँ के द्वारा तेज बहाव गहरे नदी मे ढूंढने के प्रयास किया ही जा रहा था तभी तेज बहाव में उसकी माँ भी शिकार हो गई और वह भी नदी में बहने लगी। बहते हुए महिला पर चरवाहा की नजर पड़ी जहाँ बहते हुए माँ सुनीता को कुछ लोगों द्वारा बाहर निकाला गया। बेहोशी हालात में काफी मात्रा में पानी पी चुकी थी। कुछ समय बाद माँ सुनीता को होश आया तब जाकर लोगों ने राहत कि सांस ली, लेकिन मासूम दुष्यंत को बचाया नहीं जा सका। सूचना के मिलने पर पुलिस अधिकारी समेत गोताखोर की टीम मौके पर पहुंचकर मासूम दुष्यंत को ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। बांगो बांध से निकलने वाली पानी को कम कराया गया। इसके बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। दो दिन पहले यह घटना कछार क्षेत्र के सिरकी घाट में हुई है। डूब रही महिला को बचा लिया गया जबकि उसका बच्चा लापता हो गया। सूचना मिलने पर 8 गोताखोर और एक मोटर बोट को रेस्क्यू के लिए लगाया गया है। संबंधित क्षेत्र में निगरानी की जा रही है।

# कोरबा पुलिस ने चलाया ओवरस्पीड गाड़ियों पर चेकिंग अभियान

### इस वर्ष कुल 443 वाहनो पर की गई कार्यवाही

### कुल 4,92,300/- का समन शुल्क किया गया वसूल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सखूत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवरस्पीड गाड़ियों पर सख्त कार्यवाही किया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में ओवर स्पीड वाहन पर कुल कार्यवाही 124 थी और इस वर्ष 8 माह में ही 443 कार्यवाही कर ली गई है जो क़रीबन 257त्न प्रतिशत की वृद्धि है।एवं 4,92,300/- समन



शुल्क वसूला गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे और मालवाहक वाहन में माल के अलावा किसी अन्य चीज का परिवहन ना करें।

## कीट प्रकोप से बीमारी का फैलाव हुआ चिंताजनक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के शहरी क्षेत्र में मलेरिया और डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी ने लोगों की चिंता बढ़ाई है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया की उपस्थिति से हालात नाजुक हैं। लगातार इस प्रकार के मामलों से चिंता बनी हुई है। कीट प्रकोप को रोकने के लिए सभी क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन की उपलब्धता पर जोर दिया जा रहा है। नगर निगम कोरबा के उन क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन की सक्रियता नजर आ रही है जहां बीते दिनों में मलेरिया और डेंगू के मामले मिले। जल जमाव के कारण लार्वा उत्पन्न होने से बीमारियां बढ़ीं। पूरे मामले में लापरवाही सबसे अहम कारण रही। पानी की निकासी को लेकर नकारात्मक रवैया प्रमुख वजह माना गया है। स्वास्थ्य और निगम के अमले ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सलाह दी कि वे यहां-वहां पानी को जमा न रहने दें। अब कई क्षेत्र में फॉगिंग मशीन से प्रकोप रोका जा रहा है। वर्षाकाल में अलग-अलग कारणों से संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। वर्तमान में कीट प्रकोप के कारण बीमारियां फैली है और लोग इससे प्रभावित हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कीटनाशक के स्प्रे की जरूरत है। नियमित रूप से यह काम होता है तो लोगों की परेशानियां कम हो सकेंगीं। नगर पालिक निगम प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। स्लम के अलावा अन्य क्षेत्रों में जहां कहीं बीमारी फैलने की खबर है वहां निगरानी रखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पोला त्यौहार : नांदिया बैला व खिलौनों की हुई बिक्री

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वहां की लोक संस्कृति के हिसाब से तीज त्यौहार मनाने की परंपरा लंबे समय से बनी हुई है। हिंदी भाषी राज्यों के अलावा महाराष्ट्र में पोला पर्व धूम्धाम से मनाने का चलन काफी समय से बना हुआ है। सोमवार को यह पर्व मनाया गया। इससे पहले कोरबा के बाजार में पोला से जुड़ी हुई की दुकान लगी। मुख्य रूप से कृषि पर आधारित वर्ग छत्तीसगढ़ के लगभग सभी क्षेत्रों में पोला त्यौहार मानता है। आधुनिक युग से बहुत पहले कृषि में सबसे अधिक उपयोगी भूमिका निभाने वाले बैलों और दूसरे संसाधनों की पूजा इस अवसर पर की जाती हैं। इसलिए बाजार में नांदिया बेला से लेकर जाता और अन्य खिलौने की दुकान लगी हुई है। सीतामढ़ी क्षेत्र की निवासी सुलोचना प्रजापति ने बताया कि पॉल पर इस प्रकार के सामान की मांग होती है। वह शहर में दुकान लगाकर इन सामानों का विक्रय करेगी। छत्तीसगढ़ में पोला त्यौहार के अवसर पर जगह-जगह किसानों के द्वारा अपने बैलों की पूजा करने के साथ उन्हें व्यंजन दिए जाएंगे। कुछ स्थानों पर बैलों के लिए प्रतियोगिताएं भी रखने का चलन है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने इस वर्ष पॉल आप पर अवकाश की घोषणा भी की है

### पुलिस ने दो स्थान में जुआ खेलते ग्यारह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस ने अभियान छेड़ कर दो अलग-अलग स्थान में छापा मार कार्रवाई की है। इस दौरान उरगा के नदियाखार के पास जुआ खेलते तीन आरोपित संतराम कर्ष 40 वर्ष निवासी बक्सरा जिला जांजगीर चांपा, जितेंद्र कुमार पटेल 25 वर्ष व नेतराम पटेल 34 वर्ष तरदा थाना उरगा को गिरफ्तार किया गया। बालको अस्पताल के पीछे से आठ आरोपित पी. राज शेखर 24 वर्ष, वसीम 25 वर्ष, चेयरमैन 56 वर्ष, सहरता सिंह 49 वर्ष नंद कुमार 50 वर्ष, शिव विश्वास 32 वर्ष पप्पू सोनकर 35 वर्ष बालको हास्पिटल के पीछे निवासी व मोहम्मद नौसाद 20 वर्ष परसाभाठा बालको निवासी को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों जगह से 8,340 नकद समेत चार मोटर साइकिल जप्त किया गया हैं। कुछ आरोपितों को फरार होना भी बताया जा रहा है, जिनकी पतासाजी जारी है।

### पुल से नीचे गिरा सीमेंट से भरा ट्रक, चालक की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम पंचायत धौराभांठा पाली - दीपका मुख्य मार्ग पर देर रात सीमेंट से भरा एक ट्रक पुल के नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। वहीं, पुल पर रेलिंग और सांकेतिक बोर्ड भी नहीं था। जिस वजह से चालक को समझ नहीं आया और ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरा। इस पुल पर कई बार हादसे हो चुके हैं। जिसमें कई लोगों की जान भी चली गई है। कुछ दिनों पहले भारी बारिश होने के कारण पुल के ऊपर से पानी जा रहा था। एक युवक पुल को पार कर रहा था, उसे पुल का अंदाजा नहीं हुआ। उसकी बहाने से मौत हो गई थी। वहीं कुछ दिनों पहले ही इस पुल पर एक ट्रक चालक की दुर्घटना में मौत हो गई थी। लगातार हो रहा है हादसे को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुल पर रेलिंग और सांकेतिक बोर्ड लगाने की मांग की

### सड़क हादसे में यू-ट्यूबर की मौत,एक अन्य घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के दर्री थानाक्षेत्र के बरमपुर ग्राम के रहने वाले एक यूट्यूबर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल होग गया है। मृतक अपने दोस्त के साथ अपनी बाईक पर कोरबा की ओर जा रहा था इसी दौरान तेज रफ्तारा बाईक को नियंत्रित नही कर पाया और एक पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना भंयकर था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक टुकड़ों में बंट गई है। मिली जानकारी के अनुसारर मृतक का नाम मोहनीश कुमार कर्ष पिता अरुण कुमार कर्ष (24) है, जो कुसमुंडा का रहने वाला था। मोहनीश एक यू-ट्यूबर था जो अपनी पोर्ट्स बाइक से मोहनीश कुमार यूट्यूब के लिए वीडियो बनाने जा रहा था। वह छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में जाकर हर रविवार वीडियो बनाकर अपलोड करता था। बीते दिनों भी मोहनीश अपनी बाईक में अपने एक दोस्त के साथ विडियो बनान के कलिए ही कोरबा की ओर जा रहा था। वह गेवराघाट बाइपास से गुजर रहा था तभी वह अपनी तेज रफ्तार बाईक को नियंत्रित नही कर पाया और मोड़ के पास एक पेड़ से टकरा गया। यह हादसा इतना भयानक था कि बाईक टूकड़ों में बंट गई तथा पेड़ का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और मोहनीश की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# संपादकीय

## भाजपा के अंदर असंतोष उबाल

मोदी-शाह की जोड़ी बाहरी नेताओं से भाजपा को भरती चली गई है। इसको लेकर पहले भी भाजपा के अंदर असंतोष उबलता होगा। मगर मोदी-शाह को किसी ने कदम वापस पर लेने पर मजबूर किया हो, इसकी मिसाल कम ही होगी। नरेंद्र मोदी- अमित शाह के दौर में यह भारतीय जनता पार्टी के लिए नया अनुभव है। पहले कई नीतिगत मामलों में केंद्र को अपने निर्णय एवं इरादे से पीछे हटना पड़ा और अब ऐसा पार्टी के अंदर होना शुरू हो गया है। इस पूरे संदर्भ को ध्यान में रखें, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की जारी पहली लिस्ट का वापस लिया जाना महत्त्वपूर्ण घटना बन जाता है। यहां प्रत्याशी सूची में कोई इक्का-दुक्का परिवर्तन नहीं हुआ। ना ही ऐसा नेतृत्व ने अपने आकलन के आधार पर ये कदम उठाया। 44 सदस्यों की जारी लिस्ट को कुछ देर में ही इसलिए वापस लेना पड़ा, क्योंकि जम्मू इलाके के भाजपा नेताओं/ कार्यकर्ताओं में उसको लेकर गुस्सा फूट पड़ा। प्रमुख शिकायत यह थी कि पार्टी में जीवन खपा देने वाले नेताओं की उपेक्षा करते हुए कुछ समय पहले ही दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया गया है। लेकिन मोदी-शाह के युग में इस तरह टिकट देना कोई नई बात नहीं है। चुनाव जीतने की क्षमता को प्रमुख प्राथमिकता बना कर यह जोड़ी विभिन्न राज्यों में बाहरी नेताओं से भाजपा को भरती चली गई है। स्पष्टतः इसको लेकर भाजपा के अंदर असंतोष उबाल लेता होगा। मगर मोदी-शाह को पार्टी के किसी खेमे ने कदम वापस पर लेने पर मजबूर किया हो, इसकी मिसाल कम ही होगी। इस दौर की आम समझ यह रही है कि गुजरात से उभरते हुए इन दोनों नेताओं ने पहले भाजपा, और फिर देश की राज्य-व्यवस्था पर अपना वर्चस्व बना लिया। संभवतः इसमें वे इसलिए कामयाब रहे, क्योंकि उनकी पीठ पर अति प्रभावशाली हितों ने दांव लगा रखा है। लेकिन 2024 के आम चुनाव में लगे झटकों के बाद समीकरण बदलने के संकेत हैं। जिस तरह पार्टी ने सांसद कंगना राणावत के किसान विरोधी बयानों से किनारा किया है, वह भी एक नई प्रवृत्ति का संकेत है। यह सारा घटनाक्रम भारत के राजनीतिक परिदृश्य में युग परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होने का संकेत देता है। इससे फिर पुष्टि हो रही है कि लोकतंत्र में जो वोट खींचने में जितना सक्षम हो, उसी अनुपात में उसका सिक्का चलता है।

# सामाजिक परिवर्तन की संवाहक है, लखपति दीदी

■ स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक बहनों ने अपनी पहचान स्थापित की है

शिवराज सिंह चौहान

मेरी बहनों, प्रधानमंत्री जी का संकल्प है किसी बहन के आंखों में आंसू न रहें, हर एक चेहरे पर मुस्कुराहट आए, कोई मजबूर न रहे, इसलिए उन्होंने



लखपति दीदी अभियान चलाया है । ऐसी दीदी जिनकी सालाना आय 1 लाख से अधिक हो ऐसी 1 करोड़ दीदी, लखपति बन चुकी है और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी है । हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है । विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से लगातार महिलायें जुड़ रही है और स्व सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है । मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है। महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। 'लखपति दीदी' प्रधानमंत्री जी के इसी संकल्प का फल है। महिला सशक्त होगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य एवं राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति




दीदी अभियान से पीढ़ियाँ समृद्ध और सशक्त हो रही है इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने 2500 करोड़ रुपए रिवॉल्विंग फंड के रूप में स्व सहायता समूहों के खातों में डाले है और 5 हजार करोड़ रुपए के बैंक ऋण जारी किए है जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सके। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दर्शाते हैं। आज हमारी लखपति दीदी कृषि और गैर कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्यापार से जुड़ कर सशक्त हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी अपने सामाजिक राजनैतिक जीवन की शुरुआत से ही महिला कल्याण की दिशा में काम कर रहे है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए 'नारी गौरव नीति' जैसी योजना बनाई। बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किए गए। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वह अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। आज देशभर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं जिनमें 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए उनके नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनाई हैं। जहां एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और 'सुकन्या समृद्धि' जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। आज पीएम मुद्रा योजना और जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री जी का निर्णय अभूतपूर्व है और इसका सीधा लाभ कामकाजी महिलाओं को मिल रहा है । प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा बेटियों के लिए सैनिक स्कूल के द्वार खोलने जैसे निर्णयों से सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। साथ ही भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नई भर्ती के द्वार भी खोले गए हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया जिससे उनका भाग्य बदला है। यह सभी निर्णय प्रधानमंत्री जी की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के परिचायक हैं। खेलों के क्षेत्र में महिलायें आगे बढ़े, नया टैलेंट बाहर आए इसलिए खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रमों से निकली खिलाड़ी बेटियों ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का तिरंगा लहराया है । आजादी के अमृतकाल में नारी का अभ्युदय और प्रत्येक क्षेत्र में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए मोदी जी प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण हो , उनके राजनैतिक अधिकार भी सुनिश्चित हो इस दिशा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' मोदी जी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं से महिलाओं को सुगमता के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। बेटियां गंगा, गीता, गायत्री हैं। सीता, सत्य, सावित्री हैं। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं। इनके बिना सृष्टि नहीं चल सकती। आज परिवार से लेकर पंचायत तक, शिक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था और उद्यम तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है । स्टार्ट अप से लेकर स्पेस तक भारतीय महिलाओं ने अपना परचम लहराया है । प्रधानमंत्री जी संकल्प के धनी है। वे दिन और रात काम करते हैं। उन्होंने लाल किले के प्राचीर से कहा कि मैं विकसित भारत बनाने के लिए तीन गुना अधिक ताकत से काम करूंगा। मैं लखपति दीदियों से अपील कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री तीन गुना अधिक ताकत से काम करेंगे तो हम भी उनके पीछे दोगुनी ताकत से काम करेंगे। प्रधानमन्त्री जी का संकल्प है गरीबी मुक्त गांव और वो गांव बनाने में हम भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारे प्राचीन ग्रंथों में लिखा है कि नारी के बिना यज्ञ अधूरा है। विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र के संपूर्ण कल्याण का यज्ञ भी नारी के उत्थान एवं उसके सशक्तीकरण के साथ ही संभव है । निश्चय ही आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में माताओं, बहनों एवं बेटियों के कल्याण के जो कार्य हो रहे हैं, वह 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत' की भव्य इमारत को दिव्य आकार दे रहे हैं। आज हमारी माताएं, बहनें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं और हम सब विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देख रहे हैं। संपूर्ण विश्व कह रहा है कि यह समय भारत और भारत की नारी शक्ति के उदय का है।

(लेखक केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री है)*

## आलेख

# विपक्ष को समझना चाहिए

शकील अख़्तर

सीबीआई ने चार्जशीट सौंपी है एक आरोपी के खिलाफ उसके अलावा अभी तक कोई सबूत नहीं है। मगर आंदोलन को और तेज और लंबा किया जा रहा है। बुधवार को बंगाल बंद है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर। उससे पहले मंगलवार के प्रदर्शन में किस तरह पत्थर फेंके गए, पुलिस वाले घायल हुए। उसके बावजूद बुधवार को बंद का काल दिया गया, खुद भाजपा द्वारा। देश में कहीं और आंदोलन हो तो प्रधानमंत्री कहते हैं आन्दोलनजीवी। परजीवी। अरबन नक्सल। किसानों को कहा गया आतंकवादी, खालिस्तानी, मवाली देश को पूरा बेवकूफ समझ रखा है। बंगाल में बीजेपी निर्भया प्रयोग दोहरा रही है। जैसे दिल्ली में निर्भया बलात्कार में आरोपी गिरफ्तार होने के बाद भी बीजेपी और उसके उस समय के मुखौटे अन्ना हजारे आन्दोलन चलाते रहे और पहले दिल्ली की राज्य सरकार और फिर केन्द्र सरकार को जाना पड़ा वैसे ही वह अब एक और बलात्कार के जरिए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को गिराना चाहते हैं। कोलकाता में भी आरोपी गिरफ्तार हो गया है। और भाजपा की केन्द्र सरकार जिस सीबीआई से जांच चाहती थी उसने अपनी जांच के बाद आरोप पत्र पेश करते हुए साफ कहा है कि यह गेंग रेप नहीं था। मगर इसके बाद भी मीडिया में झूठे गेंग रेप के आरोपियों के नाम चलाए जा रहे हैं। मीडिया और भाजपा समर्थकों को मालूम है कि रेप करने वाले यह यह थे। मगर सीबाआई को नहीं मालूम। अगर ऐसा झूठ किसी भाजपा शासित राज्य में कोई कहता तो यह मीडिया तूफान मचा देता। बलात्कार पर राजनीति सबसे गंदी बात है। और यह शुरू की अन्ना हजारे उनके दाएं बाएं जुटे बहुत सारे चर्चित नाम और उनके पीछे छुपे संघ और भाजपा ने। निर्भया बलात्कार के बाद सारे आरोपी गिरफ्तार हुए। निर्भया को बेहतर इलाज के लिए सिंगापुर भेजा गया। उसके परिवार को सुरक्षा और हर तरह की सहायता दी। बाद में पता चला और तब जब निर्भया के भाई ने खुद बताया कि उस पायलट राहुल गांधी ने पायलट बनवाया। चुपचाप सारी व्यवस्थाएं कीं। मगर इन सबके बावजूद केन्द्र और दिल्ली की राज्य सरकार के खिलाफ आन्दोलन चलता रहा। इंडिया गेट पर जाकर मोमबत्ती जलाते थे। पुलिस वालों को ठुल्ला बोलकर उनके साथ धक्का मुक्की करते थे। यूपीए की सरकार ने सख्त आदेश दे रखे थे कि पुलिस सयंम रखे। गृह राज्य मंत्री की ड्यूटि लगाई कि वह रात को बस में चले और महिला सुरक्षा के इंतजाम देखे। मीडिया में अगर जरा सी भी ईमानदारी है तो वह बताए कि क्या निर्भया के बाद कार्रवाई करने में सरकार ने कोई चूक की? कांग्रेस की सरकार थी दोनों जगह केन्द्र और दिल्ली राज्य में क्या कोई भी राजनीति की? मीडिया में अगर ईमानदारी बची भी है तो हिम्मत नहीं है। उस समय के सच को कोई स्वीकार नहीं करता है। अन्ना हजारे कहां भागे यह तक कोई नहीं पूछता है। उनके साथ वालों में किसी में हिम्मत नहीं है कि वह उस समय के नकली आन्दोलन के लिए माफी मांग ले। एक विनोद राय सीएजी की माफी जरूर हमने देखी थी। जो उन्हें कोर्ट में मांगना पड़ी कि उन्होंने 2 जी में गलत आरोप लगाए थे। उनके पास कोई सबूत नहीं थे। कोलकाता का मामला भी ठीक बिल्कुल वैसा ही है। जो सीबीआई ने चार्जशीट सौंपी है एक आरोपी के खिलाफ उसके अलावा अभी तक कोई सबूत नहीं है। मगर आंदोलन को और तेज और लंबा किया जा रहा है। बुधवार को बंगाल बंद है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर। उससे पहले मंगलवार के प्रदर्शन में किस तरह पत्थर फेंके गए। पुलिस वाले घायल हुए। उसके बावजूद बुधवार को बंद का काल दिया गया, खुद भाजपा द्वारा। देश में कहीं और आंदोलन हो तो प्रधानमंत्री कहते हैं आन्दोलनजीवी। परजीवी। अरबन नक्सल। किसानों को कहा गया आतंकवादी, खालिस्तानी, मवाली। देश को पूरा बेवकूफ समझ रखा है। सोचते हैं जो कहेंगे मान लेगा। लेकिन हर चीज की एक सीमा होती है। लोगों की सहज बुद्धि को कामन सेंस को आप हमेशा के लिए दबा कर नहीं रख सकते। अभी के लोकसभा चुनाव ने यह बता दिया। मोदी जी ने वही सारी कोशिशें की। आपकी भेंस उठा कर ले जाएंगे, मंगल सूत्र छीन लेंगे! बिल्कुल वैसा ही जैसे शोले में धर्मेन्द्र कहत है आंधी आएगी, तूफान आएगा, भूखमरी आएगी, सूखा आएगा और भी पता नहीं क्या क्या! वैसे ही मोदी जी ने क्या क्या कहा किसीके लिए भी याद करने बहुत मुश्किल है। हां, मगर जैसे धर्मेन्द्र इंसान के रूप में नहीं उपर से कोई आकाशवाणी हो यह बता रहा था वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री ने कह दिया कि मैं तुम लोगों की तरह जन्मा या नष्ट होने वाला नहीं हूं।

# आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डालना बेवकूफ़ी


पंकज शर्मा

पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी-सूत्रधारों और अख़बारी-क़लमकारों के परिस्थितिजन्य ताल-बदलू उपक्रम को उन का सच्चा हृदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें।ज जन्मजात अंधखोपड़ियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न-धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी। दस साल से देश की छाती पर नरेंद्र भाई मोदी की नफ़रती-कार्यावली की मूंग हर रोज़ पूरे ज़ोरशोर से दल रहे मीडिया-अनुचरों में से कुछ के सुर 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से बदलने क्या शुरू हुए, मैं देख रहा हूं कि, बहुत-से जनोन्मुखी पुरोधा बड़ी अभिभूत-मुद्रा में थिरक रहे हैं। इन भावुक-मूर्खों को केंचुल-रूपांतर का उत्सव मनाते देख मैं तो भौचक हूं। पूरे एक दशक अकांडतांडव में रत रहने वाले टीवी-सूत्रधारों और अख़बारी-क़लमकारों के परिस्थितिजन्य ताल-बदलू उपक्रम को उन का सच्चा हृदय परिवर्तन समझने वाले नासमझों को कोई समझाए कि सांसारिक लीलाएं इतनी बेलोच नहीं हुआ करती हैं कि आप उन पर ऐसे सरपट रपटने लगें। जन्मजात अंधखोपड़ियों ने पूरे दस बरस कथन और लेखन के अक्षरविश्व में जैसा नग्न-धमाल मचाया, उसे ऐसे ही विस्मृत कर देना नादानी होगी। यह समय गोस्वामियों, चौधरियों, सिन्हाओं, कश्यपों, देवगनों, चोपड़ाओं, सिन्हाओं, नरसिंहमनों, श्रीवास्तवों, अरूरों, रजतों, नविकाओं, वग़ैरह-वग़ैरह की करतूतों को भूलने का नहीं है। यह समय पुरियों, चंद्राओं, गुप्ताओं, पांडाओं, कोठारियों, ए-1, ए-2, वग़ैरह-वग़ैरह के अपकर्मों को क्षमादान की गंगधारा में तिरोहित करने का नहीं है। यह समय तो इन सभी के कुकर्मों को इतिहास की पाशाण शिला पर स्थायी तौर से उकेरने का है। आज जो अपनी भावप्रवणता पर काबू नहीं रखेंगे, वे गच्चा खाने के बाद कल अपनी मूढ़ता पर आंसू बहा रहे होंगे। क्षमा धर्म है। क्षमा यज्ञ है। क्षमा वेद है। क्षमा शास्त्र है। क्षमा तेजस्वी पुरुषों का तेज है। क्षमा तपस्वियों का ब्रह्म है। क्षमा सत्यवादियों का सत्य है। क्षमा करना आत्म-प्रेम का कार्य है। क्षमा आल्हादकारी है। क्षमा बलमशक्तानाम् शक्तानाम् भूषणम् क्षमा। क्षमा वशीकृते लोके क्षमया: किम् न सिद्ध्यति। क्षमा वीरस्य भूषणम। बचपन से हम अपने बुज़ुर्गों से यह सब सुन रहे हैं। सुन रहे हैं और गुन रहे हैं। गुन रहे हैं और मान रहे हैं। मगर मैं आप को बताता हूं, और मेरी बात मानना-न-मानना आप के मन की बात है, कि इन तमाम सूक्तियों की रचना-अपकृति आज के युग में स्वयं ही क्षम्य है। क्षमा वीरों का आभूषण ज़रूर है, लेकिन जो आंख बंद कर अपने आभूषणों को कुपात्रों की झोली में डाल देते हैं, समाज उन्हें वीर नहीं, बेवकूफ़ मानता है। इसलिए नाहक वीर-पन मत दिखाइए। फ़िज़ूल में दरियादिल बनने की दरकार नहीं है। यह जो मोहिनीअट्टम पर्दों और पन्नों पर ताजा-ताजा शुरू हुआ है, उसे देख कर बेसुध मत होइए। इन अदाओं पर गश खा कर गिरेंगे तो अगले एक-दो दशक हम-आप फिर नहीं उठ पाएंगे। यह परिवेश आप को बरगलाने के लिए रचा जा रहा है। अपने भोलेपन के कारण जिन के चेहरों पर आप को पश्चात्ताप की झलक दिखाई दे रही है, उन की आंखों में बैठे बहेलिए को ध्यान से देखिए। उन की मोहक पंक्तियों के बीच पसरे कांइयापन को पढ़ने की कोशिश करिए। इस असलियत की परतों का जायज़ा लेने के लिए किसी ख़ुर्दबीन की ज़रूरत नहीं है। ये परतें तो वैसे ही उधड़ी हुई हैं। जिन्हें नहीं दिखाई दे रहीं, उन का कोई क्या करे! मौसम के हिसाब से कपड़े बदलने वालों पर रीझ रहे दयालुओं से मैं तो यही अनुनय-विनय कर सकता हूं कि मत्स्य-वेध की तैयारियों के वक्त दिग्भ्रमित होने-करने के बजाय थोड़े दिन अपना दिल थोड़ा संभाल कर रखिए। फ़िदा-हुसैन बन कर बेली डांस करने के बजाय विक्रमादित्य बन कर न्याय सिंहासन पर बैठिए। मत भूलिए कि इन्हीं मरदूदों की वज़ह से आज भारतीय समाज इस कदर क्षत-विक्षत है। लोकतंत्र के यज्ञ को बाधित करने पर उतारू शासक-दल के मंसूबों को पूरा करने की होड़ में लगे मीडियासुरों को अगर सामाजिक दंड विधान के नियमों का पालन किए बिना रिहाई दे दी गई तो आने वाली पीढ़ियां आज की पीढ़ी को कैसे माफ़ करेंगी? अभी तो रंग-बदलू दौर शुरू हुआ भर है। आने वाले दिनों में हम-आप अलग-अलग अनुचर-टोलियों की और भी नई-नई कलाबाज़ियां देखेंगे। नौकरशाही से ले कर शिक्षा और संस्कृति संस्थानों तक में टांग पसारे पड़े बहुत-से मूर्धन्य चेहरों की रंगत भी तेज़ी से बदल रही है। ये अज़ीमुश्शान शक्लें अपने लिए नए ठौर तलाशनें घरों से निकल चुकी हैं और कई दहलीज़ों पर सीस-नवाऊ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने लगी हैं। इस हवा के झोंके सियासत की सत्तासीन मुंडेरों पर धूनी रमाए बैठे महामनाओं की जटाएं भी बिखेरने लगे हैं। सो, अगली होली आते-आते कई सियासतदांओं के गालों पर हमें तरह-तरह के रंग पुतते दिखेंगे। एक ईंट खिसकने भर की देर होती है। फिर तो दीवार देखते-ही-देखते भरभरा कर गिर पड़ती है। मगर असली मुद्दा तो यह है कि जब कहीं की ईंट और कहीं के रोड़े बिखरेंगे तो उन्हें कोई भानुमति या भानुमता अपना कुनबा जोड़ने के लिए बग़लगीर तो नहीं कर लेगा? मेरा मानना है कि किसी भी सूरमा के दलांतरण या पुनर्वापसी की इजाज़त देने वाले अपने प्रतिबद्ध सहयोगियों के ख़िलाफ़ बर्बर अनाचार के कुसूरवार होंगे। अगर वे पिछले दस-बारह बरस में भारत में हुए राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पापाचार की अनदेखी का झाड़ू-पोंछा लगाएंगे तो महारौरव नरक के भागी होंगे। अब सियासी संस्कृति की नई और ठोस इबारत लिखने की ज़रूरत है। आज के प्रतिपक्ष को यह तय करना होगा कि उस का आंगन ऐसा गया-बीता रवैया नहीं अपनाएगा कि कोई भी कहीं से भी या कहीं भी हो कर आए और आ कर कहीं भी बैठ जाए। राजनीतिक आवागमन के नियमों की पुनर्रचना नहीं होगी तो राजनीति से लोगों का रहा-सहा भरोसा भी उठ जाएगा।

# यौन उत्पीड़न के दानव का कैसे हो दमन....

अनिता भटनागर जैन


देश में उत्सवों और त्योहारों का दौर चल रहा है, पर बार-बार कोलकाता कांड की खबरें सुर्खियों में आ-जा रही हैं। डॉक्टरों और युवाओं की नाराजगी का दौर थम नहीं रहा है। एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ अस्पताल में हुई बर्बरता का गहरा साया नौजवानों को सता रहा है। आक्रोश इस तरह फूटा है कि सर्वोच्च न्यायालय को भी खुद संज्ञान लेकर निर्देश जारी करने पड़े हैं। समाचार-पत्रों में बलात्कार, यौन उत्पीड़न की घटनाओं की प्रचुरता हो गई है। असम में 14 वर्षीय लड़की का गैंगरेप, बदलापुर (महाराष्ट्र) में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, अन्य स्थान पर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से बलात्कार और स्पेनिश पर्यटक का छत्तीसगढ़ में गैंगरेप। उधर, हेमा रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला सुर्खियां बटोर रहा है। ये सब घटनाएं सोचने को मजबूर करती हैं कि क्या किसी भी उम्र की लड़कियां या महिलाएं सुरक्षित हैं? स्कूल, सड़क, बस, अस्पताल, यहां तक कि कई बार अपने घर में भी क्या महिलाएं सुरक्षित हैं? क्या हमारा अमृत काल आधी आबादी, यानी महिलाओं की सुरक्षा के बिना साकार हो सकता है? भौतिक, आर्थिक व औद्योगिक विकास तो सामाजिक विकास या सुरक्षा के बिना अधूरा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, प्रत्येक 16 मिनट में देश में एक बलात्कार होता है और प्रत्येक घंटे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध होते हैं। प्रत्येक दिन देश में 86 बलात्कार रिपोर्ट होते हैं। यह भी कहा जाता है कि सभी अपराधों में बलात्कार सबसे कम रिपोर्ट होता है और 63 प्रतिशत बलात्कार तो दर्ज ही नहीं होते। 10 प्रतिशत बलात्कार अवयस्क, यानी 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ होते हैं और 89 प्रतिशत मामलों में बलात्कारी जान-पहचान का व्यक्ति होता है। यह बिंदु भी विचारणीय है कि बलात्कार के आंकड़ों में वे प्रकरण सम्मिलित नहीं हैं, जिनमें बलात्कार का प्रयास होता है या बलात्कार के उपरांत हत्या की जाती है। मतलब, महिला विरोधी कुल अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। ये केवल आंकड़े नहीं हैं। प्रत्येक आंकड़े के पीछे एक बच्ची या महिला का पूरा जीवन है और उसका परिवार है। बहुत आक्रोश जताने के कुछ ही समय बाद शोषण की शिकार महिला को लोग भूल जाते हैं। अनेक पीड़िताएं मनोवैज्ञानिक रूप से पंगु हो जाती हैं।



एक ही तो जीवन है, जो हमेशा के लिए बोझ बन जाता है। परिवार की त्रासदी भी असहनीय हो जाती है। निर्भया मामले के बाद शासन ने बालिकाओं के लिए बहुत प्रयास किए हैं — शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन के प्रयास, गुड टच या बेड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन, वूमेन पावर लाइन, चौबीस घंटे चलने वाले सहायक कॉल सेंटर, महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, पिंक बूथ, जनपद स्तर पर महिला व बाल सुरक्षा संबंधित प्रकोष्ठ इत्यादि के बावजूद बलात्कार व यौन उत्पीड़न के वाकये सुरसा के मुख की तरह बढ़ते जा रहे हैं और उनकी जघन्यता भी। इसलिए आवश्यक है कि बलात्कार क्यों होते हैं, इस पर भी विचार किया जाए। बलात्कार के संदर्भ में सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों के संबंध में, रेश्मा पिल्लै आदि ने युवा पुरुषों के बीच सर्वेक्षण किया। इस अध्ययन में पाया गया कि हमारा समाज अभी भी पुरुष प्रधानता की संकीर्णता से ग्रसित है। आज के युग में जब सबके पास मोबाइल है, तो घातक अश्लीलता भी सभी तक पहुंच रही है। समस्या और भी विकराल होती जा रही है। बाल्यकाल में दुर्व्यवहार का सामना करना, रिश्तों के बारे में नकारात्मक सोच, भावनाओं पर कमजोर नियंत्रण, मादक द्रव्यों के अत्यधिक सेवन, यौन कुंठा या असंतोष आदि कारक विभिन्न अनुपातों में मिलकर बलात्कार की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि बना सकते हैं। महिलाओं की इच्छाओं और जरूरतों के बारे में पुरुष की गलत धारणा भी कारण हो सकती है। ऐसे पुरुष बहुत हैं, जो महिला की न को भी हां समझते हैं। हमारी अनेक फिल्में भी महिलाओं को छेड़ने और उनको घेरकर जबरन अपनी भावनाओं का थोपने के लिए प्रेरित करती हैं। ऐसे पुरुष अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा महिलाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। जब समाज में स्त्री को वस्तु की तरह देखा जाता है, तब हिंसा और बलात्कार की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। सामाजिक व नैतिक मूल्यों का पतन द्रुत गति से हो रहा है। हमारे पूर्वजों की प्राथमिकता क्रमश: ऐसी थी – समुदाय – परिवार – मैं। आज यह बिल्कुल उल्टी होती जा रही है। जब हम केवल अपने बारे में ही सोचेंगे, अपनी इच्छा, अपनी शक्ति, अपनी पूर्ति पर ही ध्यान देंगे, तो परिणाम भयानक होंगे और इस सामाजिक अराजकता से अंतत: कोई भी अछूता नहीं रहेगा। स्कूलों के बारे में विशेष रूप से सोचना होगा। जब शिक्षक ही भक्षक बन जाए, तो क्या विद्योपार्जन होगा? हमारी सोच और मानसिकता हमारे कार्यस्थल पर भी हमारे साथ जाती है। कुछ वर्ष पहले एक थाने के निरीक्षण में पुरुष प्रधान मानसिकता का दृष्टांत मुझे देखने को मिला।

## चारित्र चक्रवर्ती को अपना आदर्श मानें देश की युवा पीढ़ी : डॉ जीवन प्रकाश जैन

**नांदणी (विश्व परिवार)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवन प्रकाश जैन जी ने कहा कि निश्चित रुप से आज आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज जी के प्रसंग में चर्चाये हो रही हैं। हम बहोत युवा पिढी के दौर में हैं। और आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी को तो आचार्य पद लीये ही सौ साल हो चुके हैं। उसके पहले उनका जन्म होना, और उनका गृह जीवन व्यतीत होना, उनके द्वारा दिक्षा लेना, ये सारे प्रसंग तो और ही पेहले के हैं। आज ऐसे आचार्य शांतिसागर महाराज जी को हम देख तो नही पा रहे हैं। लेकिन हम सब के सामने 90 साल की अवस्था में परमपूज्य गणिनी प्रमुख आर्यीका श्री ज्ञानमती माताजी हम सब की गुरू माँ बनकर के हम सबके सामने हैं। मैं देखता हूँ कि पुज्य श्री ज्ञानमती माताजी ने अपने जीवन में गुरु भक्ती को, गुरु के आदेशों को, गुरु के अनुशाशन को और गुरु के द्वारा बताई गई सीमाओं को किस प्रकार से पालन किया है, ये एक आदर्श है।



प. पू. श्री ज्ञानमती माताजी ने गुरु के अनुशाशन में कैसे रहना। गुरु के आज्ञा को कैसे पालना। उन्होने अपने जीवन में जहां तक मैं समझता हूँ कि एक सूत के बराबर भी गुरु आज्ञा से कभी वो हट कर नहीं चल पाई और न उनने चलने का प्रयास किया।

इतना महान गुरु के प्रती दृढ समर्पन होना। दृढता होना और उनके प्रती गुरु भक्ती समाहीत होना ये एक गुरु भक्ती का आदर्श विरला उदाहरण है। पूज्य माताजी के सामने हम सब रहते हैं और उनसे जब हम आचार्य शांतीसागर जी महाराज की बाते सुनते हैं। तो निश्चित रूप से हमें ऐसा नहीं लगता कि हम आज एक बहुत बड़ी सौ साल बाद की किसी पीड़ी में युवा के रूप में हैं। ऐसा लगता है कि आज भी आचार्य शांतीसागर जी महाराज हम सब के सामने हैं।

आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी का जीवन इतना दर्पण की तरह हमको पूज्य माताजी हमारे सामने कर देती है, दिखा देती है, यह लगता है जैसे हम आचार्य शांतीसागर जी महाराज की सभा में ही बैठे हैं। जैसे हम आचार्य शांतीसागर जी महाराज के ही मुखारविंद से धर्म के सिद्धांतोंको धर्म के मर्म को जान रहे हैं। ये गुरू भक्ती हैं की, आज पूज्य माताजी उनके गुरू विरसागर जी महाराज और उनके भी गुरू आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज उनकी बातों को इस प्रकार से हम सब के सामने दृष्टीगत करती हैं, बताती हैं, कि जैसे कि आज हम सब लोग उनी गुरु के बात, उनी गुरु के चारित्र को साक्षात स्वयम जान रहे हो।

ऐसी गुरू भक्ती हम सब के अंदर हो और हमारे श्रावक-श्रावीकाओंको के द्वारा ऐसे महान गुरु आचार्य शांतिसागर जी महाराज के प्रती ऐसी विनम्र भक्ती भावनाएं इस समाज में पैदा हों कि आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज आज के लिए नहीं, सौ साल के लिए नहीं, दोसौ साल के लिए नहीं, हजारों साल के लिए एक जैन समाज के दिगंबर जैन परंपरा के महान स्मारक बन करके प्रतिष्ठापित रहें।

आज हम कुंदकुंद स्वामी को जानते हैं। उमास्वामी जी को जानते हैं। मैं नहीं कहता, आचार्य श्री शांती सागर जी महाराज की उनसे बराबरी हो। लेकिन आने वाली पीढी के लिए आचार्य शांतिसागर महाराज जी एक ऐसा स्मारक बने। एक ऐसे अविस्मरणीय महापुरुष बने, आज भी हैं और आनेवाली हजार साल की पिढी तक वो बने रहे की कमसे कम उनके द्वारा जैन धर्म के बताएं मार्ग को हम ही नहीं, हमारी आने वाली सेकडो पिढीया जानती रहे, समजती रहे। सच्चे मार्ग का अनुसरन करती रहे और महान पुण्य के बंध से और महान सच्चे सम्यक्त्व के बल से अपने जीवन को अपने आत्मा को उत्थान की और ले जाती रहे। बंधुओ, निश्चितरुपसे पंचम काल हैं और इस पंचम काल में तरह तरह के विचार, बातें, सिद्धांत, मन की बातें भी हम सबके सामने मिलती हैं। हम सबको उन बातों को अंगीकार करना है जीवन में, जो बातें हमें, हमारे को हमारा ग्रंथ बताता है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## जिसने अपनी बुद्धी को अपने ईष्ट के चरणों में झुकाया है, उसी ने उसको ऊपर उठाया है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर (विश्व परिवार)।** भारतीय परंपरा चरणों में शीश झुकाने की रही है, शीश बुद्धि का प्रतीक है, जिसने अपनी बुद्धी को अपने ईष्ट के चरणों में झुकाया है, उसी ने उसको ऊपर उठाया है, में गुरुदेव की शरण में गया तो ऊपर उठ गया यदि दर्शनार्थी बन कर गया होता तो आज में भी भीड़ का हिस्सा होता। उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य भावना योग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने सोलहकारण में आचार्य भक्ती को उदघटित करते हुये व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा अर्हतभक्ति के पश्चात आचार्यभक्ती का उल्लेख आता है प्रतिदिन हम सभी रोज पड़ते है तथा बोलते है... चत्तारि शरणं पवज्जामी, अरिहंते शरणं पवज्जामी, सिद्धेशरणं पवज्जामी, साहु शरणं पवज्जामी, केवली पणणत्तं धम्मं शरणं पवज्जामी, भगवान की शरण में जाओ तो दर्शनार्थी बनकर मत जाना शरणार्थी बन कर जाना उन्होंने कहा जीवन में अमूल चूल परिवर्तन जीवन का गुणात्मक परिवर्तन से ही होता है शरणार्थी बनने का मतलब है अंदर का ईगो खत्म, अब मेरी कोई इच्छा नहीं प्रभु आपकी इच्छा ही मेरी इच्छा है आपका निर्णय ही मेरा निर्णय है, अब मेरा जीवन मेरा नहीं, अब यह जीवन आपके लिये समर्पित हो गया है इतना समर्पण सौप दिया



यह जीवन का भार अब तुम्हारे हाथों में, जीत तुम्हारे हाथों में और हार तुम्हारे हाथों में मुनि श्री ने कहा कि बोलना सरल है लेकिन अंदर से पालन करना बहूत कठिन है, यह तभी प्रकट होता है जब हमारे अंदर का अहंकार क्षिन्न भिन्न हो जाता है और यही आंतरिक परणति हमें परमात्मा के निकट पहुंचाती है, भक्ति मेंअनुरक्ती होंना चाहिये, जिसके हृदय में भक्ती के साथ अनुरक्ती आ जाती है उसके अंतरंग में अपना पथ प्रदर्शन करने के भाव बड़ते चले जाते है।मुनि श्री ने भक्ती, भुक्ती, अनुरक्ती, और मुक्ति इन चार बाक्यों पर चर्चा करते हुये कहा जिसके अंदर भक्ति का रस आ जाता है, तो उसको सभी रस नीरस लगने लगते है, जिसने क्षीर सागर के रस का जल पान कर लिया तो उसे सारा संसार समुद्र जल सा लगने लगता है, भुक्ती से मुक्ती की इस यात्रा मेंभाव विशुद्धि युक्त अनुराग का नाम ही अनुरक्ति है, हमारे हृदय में देव गुरु और धर्म के प्रति भक्ती बढ़े और संसार से विरक्ति हो यही अनुरक्ती ही बास्तविक भक्ती है।आप लोग रोज बोलते हो तुम विन में व्याकुल भयो, जैसे जल विन मीन, जन्म जरा मेरी हरौ करो मोय स्वाधीन यह तो भक्ती की पराकाष्ठा है, गुरु की शरण में जाओ तो दर्शनार्थी बन कर मत जाना शरणार्थी बनकर जाना दर्शनार्थी बनकर जाओगे तो भीड़ का हिस्सा बन कर रह जाओगे, और शरणारार्थी बनकर रह जाओगे तो भगवान की शरण को पाओगे। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता अविनाश जैन एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने देते हुये बताया 5 सितंवर गुरुवार को शिक्षक दिवस पर शंकासमाधान का विशेष कार्यक्रम 5:45 से 7:20 तक होगा जिसमें सभी शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया है। धर्मप्रभावना समिति के सभी पदाधिकारियों ने सभी शिक्षाविदों से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है तथा गुणायतन के नवीन टृस्टिओं का स्वागत धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन, पुण्यार्जन कर्ता मुकेश, विजय पाटौदी, आनंद गोधा, सहित समस्त पदाधिकारियों ने किया।

**-अविनाश जैन**

## अर्थी निकालने के पहले जीवन का अर्थ समझ लीजिए, समायिक की साधना समतामय जीवन जीने का मार्ग बताती है : साध्वी सुमंगल प्रभा जी

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** सामायिक पाप को छोड़ने की प्रतिज्ञा है। पाप को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। सामायिक साधना आत्मशुद्धि की साधना है।धर्म दो प्रकार के होते हैं समता और विषमता। समता आत्मा का स्वभाव है और विषमता आत्मा का विभाव। क्रोध करना विषमता है मन को शांत रखना है। समता एवं समत्व योग की साधना को ही सामायिक कहा जाता है। जहां समभाव है वहाँ साधना है।

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आज धर्म सभा सामाजिक सर्व सुखदात्री विषय पर केंद्रित था साध्वी श्री ने समय के अनगिनत फायदे बताते हुए धर्म सभा में कहा कि सामायिक साधना जीवन की परम आवश्यक साधना है। सामायिक साधना के बिना जीवन की कोई भी साधना सार्थक नहीं हो सकती। इसीलिए परमात्मा ने सारी साधनाओं से महत्वपूर्ण पूर्ण भगर, कोई साधना है तो वो सामायिक की साधना है।



जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग की धर्म सभा को संबोधित करते हुए पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन साध्वी सु मंगल प्रभा ने कहा आज महिला वर्ग हरे रंग की साड़ियों में धर्म सभा में उपस्थिति रही। आज धर्म सभा को साध्वी सुवृद्धि श्री जी एवं साध्वी रजत प्रभा ने भी संबोधित किया। उन्होंने आगे कहा कि सामायिक साधु जीवन का एक सेम्पल है। सामायिक 48 मिनिट की साधना है ये 48 मिनिट एक दिन रात के 24 घंटों से 2-2 मिनिट लिये 51 मिनिट हो गए 50 को उल्टा करने पर 84 बनते 84 लाख जीवायोनि से मैत्री भाव बनाओ। 48 से आधा करो 24 से 24 तीर्थकरों का वरदहस्त हमारे ऊपर बना रहे। 25 का आधा किया 12 हुआ। 12 श्रावक के व्रत हैं। श्रावक के 12 व्रत होते हैं। 9 वा व्रत सामायिक है। अब 1ए के आधे किये बचे। एका मतलब हछण काथ के जीवों की विराधना नहीं करता। 7 का आधा किया उबचे। उन्त्रयन्न जो साधु जीवन की एक अपूर्व साधना है। 3 में से। को कम किया दो बचे दो प्रकार के धर्म है- आगार धर्म अणगार धर्म। अब दो में 1 बचा एक हमारी आत्मा है। जो हमे मोक्ष गति की ओर बढ़ाती है। सामायिक यानि सावध योगों का त्याग करना। **-नवीन संचेती**

## मराठी कला- संस्कृति अकादमी गठित करने पर सरकार करेगी विचार : सीएम विष्णुदेव साय

**महाराष्ट्र मंडल के नेतृत्व में प्रदेशभर के मराठी समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की चर्चा**

**छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल बनाने पर भी मुख्यमंत्री साय ने जताई सहमति**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले के नेतृत्व में प्रदेशभर के महाराष्ट्र मंडलों और विभिन्न मराठी समाजों के प्रतिनिधियों ने सोमवार रात को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपकर उनसे सारगर्भित चर्चा की। सीएम साय ने महाराष्ट्र मंडल की प्रमुख मांग छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के गठन को लेकर उत्सुकता दिखाई। इस पर उन्होंने कहा कि वे संबंधित अफसरों से चर्चा करेंगे।

मंडल अध्यक्ष काले ने बताया कि छत्तीसगढ़ मराठी कला एवं संस्कृति अकादमी गठित करने के संबंध में भी सीएम साय से चर्चा हुई। उन्हें बताया गया मध्यप्रदेश में मराठी कला अकादमी संचालित हो रही है। इससे मराठी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार में मदद मिलती है। छत्तीसगढ़ में अकादमी गठित होने से सम्मेलनों, गोष्ठियों, सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजनों से गैर मराठी भाषियों को भी मराठी संस्कृति को समझने का अवसर मिलेगा। इससे कई जानी-मानी मराठी भाषी हस्तियों की छत्तीसगढ़ में आवाजाही शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री साय महाराष्ट्र मंडलों की इस मांग पर उत्सुक दिखे व शासन में विचार करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री को गणेशोत्सव की महाआरती में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया गया, जिसमें उन्होंने सपरिवार शामिल होने की स्वीकृति दी। काले ने मुख्यमंत्री को बताया कि 88 वर्षों से गणेशोत्सव पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा महाराष्ट्र मंडल में आज भी कायम है।

**हेडगेवार ने महाराष्ट्र मंडल को दी भेंट :** काले ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि साल 1939 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार महाराष्ट्र मंडल आए थे। उन्होंने मंडल को सर्व समाज की सेवा करने की सीख दी थी। छत्तीसगढ़ के समस्त महाराष्ट्र मंडल आज भी सर्वसमाज की सेवा में तत्पर है। साय ने कहा कि मराठी समाज के सेवाभावी कार्यों से वे पहले से ही अवगत है और प्रभावित भी।

सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधियों में महाराष्ट्र मंडल कोरबा के अध्यक्ष हेमंत माहुलिकर, बिलासपुर के अध्यक्ष गजानन फड़के, महाराष्ट्र मंडल रायपुर के सचिव चेतन गोविंद दंडवते, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन, छत्तीसगढ़ प्रमुख सुबोध टोले, मराठा समाज रायपुर के अध्यक्ष गुणवंत राव घाटगे, प्रदेश कुनबी समाज के कोषाध्यक्ष दिलीप गेडेकर, मराठा समाज बिलासपुर के संरक्षक अश्वनी कदम, महाराष्ट्र मंडल भिलाई सेक्टर-4 के सलाहकार सुधीर जोशी, राजनांदगांव मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुधीर शेंडे, कोषाध्यक्ष विवेक ढोक और गनु ढोक शामिल थे।

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 410 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड**
**वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 294 युआईडी 24830** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कांति बाई पवार / स्व. कालीब पवार** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भूपेश पवार/स्व. कालीब पवार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 411 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड**
**वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 294 युआईडी 24830** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कांति बाई पवार / स्व. कालीब पवार** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **नितेश बाला शिन्दे / शुभाष शिंदे** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 412 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 915 युआईडी 33892** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **संजीव गोयल / घनश्याम दास गोयल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सुरेन्द्र अग्रवाल/ पुरूषोत्तम अग्रवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 413 दिनांक 03.09.2024**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 99 युआईडी 24625** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गंगा राम देवांगन/तुकाराम देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **१. फुलबती देवांगन/स्व. गंगाराम देवांगन / २. फगनी देवांगन / पवन देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./14186/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14186**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00044** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ADINARAYAN MURTI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.N. MURTI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHATRUHAN PRASAD SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RATH RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./13817/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 31-08-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13817**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **04** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F0350C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLA BAI CHAWDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHIRAJ CHAWDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AJAY MEHTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY MEHTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./14101/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14101**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00631** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE JOGENDRA PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ALOK KUMAR BANCHHOR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GYANA RAM BANCHHOR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./14185/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14185**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803A00363** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BINA DONGRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJ KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. LALITA SEN 2. KAUSHAL SEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. KAUSHAL SEN 2 RAM KUMAR SEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./13129/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13129**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110A00013** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHARAD KUMAR JANGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SAMAY LAL JANGHEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHREEKUMAR MENON** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI M.R.S.K. MENON** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./14068/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14068**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110C00122** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SARLA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHANSHYAM SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **D. MALLIKARJUN RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. D. RAMAN RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./13128/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 03-09-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13128**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **18** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00253** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUBRAT DAS GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SUNIL DAS GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RANJEET KUMAR MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHANDRA MOHAN MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /14226/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 03.09.2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14226**
**वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **02** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J0591A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PARAMHANS SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DARSHANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANDEEP SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले की पखांजूर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी को खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25.08.2024 को एक व्यक्ति ने पखांजूर थाने में लिखित आवेदन दिया कि उसकी नाबालिक पुत्री दिनांक 25.08.2024 के शाम करीब 7.30 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है तथा उसको संदेह है कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर थाना पखांजूर में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की गई। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर प्रशांत शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजुर तथा थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में अपृहता की पतासाजी हेतु टीम गठित कर संदेही के मोबाईल लोकेशन के आधार पर ग्राम मथुरानगर 216 थाना मुलेचरा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र रवाना किया गया था। जहां से पुलिस की टीम ने अपहृता को बरामद कर संदेही शिशिर सयाल पिता सुभाष सयाल उम्र 23 वर्ष निवासी मथुरानगर 216 थाना मुलचेरा जिला गढ़चिरौली को भी पकड़कर अपने साथ थाने लाया गया। जिसके बाद नाबालिग के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी शिशिर सयाल के खिलाफ धारा 87, 64 (2) (ड) बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़कर कार्यवाही की है। शिशिर सयाल द्वारा पूछताछ में अपना जुर्म कबुल करने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### भाजपा में शामिल होने लोग उत्साहित : रंजना साहू

**धमतरी(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के महा सदस्यता अभियान के तहत शक्ति केंद्र बिरेतरा में कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण बैठक रखा गया, जिसमें प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू जी व शक्ति केंद्र सदस्यता अभियान प्रभारी जनपद सदस्य जागेश्वरी साहु की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों बूथ पालक एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहां की भारत मां की धरती एक बड़े परिवर्तन की गवाह बन रही है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश विश्व पटल पर पुन: स्थापित हो गया है और इस परिवर्तन की सहभागिता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक सदस्य व कार्यकर्ताओं की रही है, राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान भारतवासियों की रहा, भाजपा का संकल्प रहा है कि देश के युवा भारतीय जनता पार्टी सदस्य अभियान से जुड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाएं और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को पुन: बनाएं, साथ ही सदस्यता अभियान में जुड़ने के लिए सभी को प्रेरित करने की बात कही।

### दो दिव्यांग छात्रों को मिली ट्रायसिकल

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के द्वारा आज जिला पंचायत परिसर में जिले के दो दिव्यांग छात्रों को ट्रायसिकल प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम देवरी बालाजी निवासी छात्र संतु शोरी 90 प्रतिशत दिव्यांग हैं और कांकेर विकासखण्ड के ग्राम सुभिया मुड़पार निवासी छात्र केवेन्द्र कुमार भी पैर से दिव्यांग हैं। दोनों को दिव्यांग होने के कारण स्कूल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ट्रायसिकल मिलने पर दोनों छात्रों ने प्रसन्नता जताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

**सुकमा(विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरतोण्डा, सुकमा की पाँचवी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक माननीय कुलपति, डॉ. गिरीश चंदेल, इं.गा.कृ.वि.वि. रायपुर के मुख्य आथित्व एवं आदरणीय डॉ. एस. एस.टुटेजा निदेशक विस्तार सेवाएं, इं.गा.कृ.वि.वि. रायपुर की अध्यक्षता में 04 सितम्बर, 2024 दिन बुधवार का प्रात: 10:00 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हरावण्ड, जगदलपुर जिला-बस्तर में आयोजित होगी, जिसमें सुकमा के साथ - साथ बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के कृषि विज्ञान केन्द्र भी शामिल होंगे जिसमें सभी केन्द्रों की वर्ष 2023-24 की गतिविधियॉ का प्रस्तुतिकरण एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना प्रस्तुत की जावेगी। उपरोक्त बैठक में सभी चारों जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ - साथ कृषि से संबधित सभी विभागों के अधिकारी एवं हर जिले से 5 - 5 प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर कुणाल ने साक्षरता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**यह रथ जिले के सभी ब्लॉकों का भ्रमण करते हुए लोगों के बीच साक्षरता का महत्त्व को बतायेगा**



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** जिले में साक्षरता के प्रति वातावरण निर्माण हेतु साक्षरता सप्ताह के कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रथ का संचालन शुरू किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिला कार्यालय परिसर से इस जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी ब्लॉकों का भ्रमण करते हुए लोगों के बीच साक्षरता का महत्त्व को बतायेगा और एक साक्षर समाज के निर्माण के लिए अलख जगाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर दुदावत ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास के असाक्षर व्यक्तियों की पहचान करें और उनका पंजीयन कराएं। ताकि उन्हें उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में हर व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लिया गया है, चूंकि आज सभी के पास मोबाइल फोन है ऐसे में कोई भी व्यक्ति साइबर फ्रॉड या अन्य प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न हो। साक्षरता से न केवल लोगों को पढ़ने-लिखने का ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक होंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा साधन है, जो समाज को सशक्त और समृद्ध बनाता है। इसके बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा इस अभियान का उद्देश्य जिले के हर व्यक्ति को साक्षर बनाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति आसाक्षर न रहे और हर नागरिक अपने अधिकारों की जानकारी रखते हुए उनका उपयोग कर सके। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, रोजगार अधिकारी पवन नेताम, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव, जिला सांख्यिकी अधिकारी कुजूर सहित स्कूली बच्चे और जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## धमतरी में स्वास्थ्य शिविर विशेष पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रों में मुंह की स्वास्थ्य जांच

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग इकाई धमतरी तथा शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के विशेष तत्वधान में राष्ट्रीय मुक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के विशेष पिछड़ा वर्ग वाले क्षेत्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में दिनांक 4 सितंबर 2024 को विकासखंड नगरी के ग्राम बाजारकुरीडीह के ग्राम पंचायत भवन में प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक इसी दिन ही समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुकरेल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है द्य उक्त शिविर में मुंह का कैंसर, दांतों की सफाई सुविधा' स्केलिंग, डेंटल फ्लोरोसिस, मुख कैंसर इत्यादि की जांच , उपचार , रेफरल की सुविधा प्रदान की जाएगी द्य डॉक्टर यू एल कौशिक मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य एवं अधिकारी तथा विकासखंड नगरी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार नेताम ने बताया कि इस शिविर में दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के विशेष चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतएव स्थानीय जन भी इस शिविर में उपस्थित होकर सुविधा का लाभ जरूर उठाये।

# खाट ही है इनके लिए एंबुलेंस, बीमारों को लेकर उफनती नदी को पार करना इनकी है मजबूरी

**गंभीर महिला को खाट पर लादकर बाढ़ग्रस्त नदी से निकले ग्रामीण =**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** आजादी के अमृतकाल का यह स्याह पहलू ही है कि स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी बस्तर संभाग के दर्जनों गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। मेडिकल इमरजेंसी आ जाए, तो खाट ही इन ग्रामीणों के लिए एंबुलेंस बन जाता है और ग्रामीणों के कदम इस एंबुलेंस के पहिए। खाट पर मरीज को लादकर उफान मारती नदी को पार करने और 22- 25 किलोमीटर का सफर पैदल तय करने की मजबूरी इन ग्रामीणों के समक्ष आज भी मौजूद है। ऐसे में इन ग्रामीणों के लिए आजादी का अमृत महोत्सव बेमानी ही है। हमने हाल ही में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मनाई है और इन दिनों समूचा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। आजादी के सात दशक बाद भी उपेक्षित रहे देश के आदिवासी बाहुल्य इलाकों और वहां के रहवासियों के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार बहुआयामी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जन मन योजना इसीलिए लाई गई है। इस योजना के जरिए आदिवासी गांवों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, पुल पुलिया जैसी तमाम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इतना ठोस पहल केंद्र और राज्य की सरकारों द्वारा की जाने के बावजूद बस्तर संभाग के गांव बेपरवाही का शिकार बने हुए हैं। कई गांव ऐसे हैं, जो नदी - नालों से घिरे हुए हैं और पहुंच मार्ग विहीन हैं। इन नदी नालों में पुल पुलिया नहीं हैं। लिहाजा बरसात के मौसम में इन गांवों के लोग 4-5 माह तक शेष दुनिया से कटे रहते हैं। इस बीच उनके सामने मेडिकल इमरजेंसी आ जाए तो भगवान ही मालिक होता है। बस्तर संभाग का बीजापुर जिला इस मामले सर्वाधिक पिछड़ा हुआ है। इन दिनों बीजापुर जिले में हो रही तेज बारिश से जिले के सभी छोटे-बड़े नदी नाले उफान पर हैं। पहाड़ी पानी के तेज बहाव व बाढ़ से से ग्रामीण भी मुसीबत में पड़ रहे हैं। ?सी ही एक बड़ी त्रासदी बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक के अंदरूनी गांव मारुड़बाका में देखने को मिली है। यहां एक महिला द्वारा फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गई थी। उल्टी- दस्त व शारीरिक कमजोरी से तबीयत बिगड़ने पर 37 वर्षीया महिला जोगी पोड़ियामी की स्थिति गंभीर हो गई थी। पति कोसा पोडियामी ने जोगी पोड़ियामी की जान बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। उसने गांव के लोगों से मदद की गुहार लगाई।

## बस्तर में नक्सलवाद को समाप्त करने की नई रणनीति में पिस रहे निर्दोष ग्रामीण

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ का नक्सल प्रभावित क्षेत्र कहे जाने वाला बस्तर लंबे समय से नक्सलवाद का दंश झेल रहा है. भाजपा सरकार ने 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का टारगेट रखा है और इसके लिए सुरक्षा बलों ने नई रणनीति के तहत अभियान छेड़ दिया है. लेकिन इस बीच ग्रामीण भी पिसते नजर आ रहे है. बस्तर बेल्ट में बीते 8 महीने पर नजर डाले तो 36 निर्दोष ग्रामीण नक्सल हिंसा का शिकार हो चुके है. बस्तर में पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन के चलते बैक फुट में आए नक्सलियों ने सॉफ्ट टारगेट करने की रणनीति अपना ली है. यही वजह है की मुठभेड़ में लगातार अपने साथियों को गवा रहे है. नक्सली अपनी झुंझलाहट निर्दोष ग्रामीणों पर निकाल रहे है. बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक बस्तर में 36 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है. वहीं इनमें से 16 ग्रामीणों को नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में हत्या की है. साथ ही आईईडी की चपेट में आने की वजह से भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौत हो चुकी है. वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत जारी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 143 नक्सलियों के शव बरामद किए गए है. वहीं 596 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. जबकि 599 नक्सलियों ने नक्सल विचारधारा को छोड़ मुख्यधारा में जुड़ने आत्मसमर्पण भी किया है. आंकड़ों से समझा जा सकता है कि किस तरह नक्सलियों को हर मोर्चे पर मात खानी पड़ रही है. ऐसे में नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और दहशत बरकरार रखने के लिए सॉफ्ट टारगेट करने से बाज नहीं आ रहे हैं.

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाए पोला त्योहार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख पर्व पोला नगर सही ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों में सुबह से ही त्योहार का खुशनुमा माहौल रहा।आज सोमवार को किसान कृषि कार्य बंद रखकर कृषि में सहयोग करने वाले मवेशियों और कृषि उपकरण की पूजा किये।त्योहार विशेष पर बनाए जाने वाले पंरपरागत पकवान चीला और गुलगुला कृषको के घरों में बनाए गए।वही नन्हे बच्चों को मिट्टी के बैल और मिट्टी के खिलौनों से बने बर्तनो को सजा कर इस त्योहार का आनंद उठाए वही पोला पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह साथ ही बाजार के भी रौनक दिखा। बच्चे मिट्टी के खिलौनों के साथ खेलने में व्यस्त रहे।लोग सुबह से ही पोला पर्व की तैयारियों में जुटे रहे।सुबह से 12 बजे तक परिवार के साथ मिट्टी के नादिया बैल की पूजा नारियल, फूल सहित अन्य पूजन सामग्री चढ़ाकर की गई। पोला पर्व पर चीला भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया।किसानों ने अपने पशुधन का पूजन किये साथ ही गांवों में लोग शीतला मंदिर पूजन करने बड़ी संख्या में पहुंचे और पूरे गांव के सुख समृद्धि की कामना किये। छत्तीसगढ़ का पोरा तिहार मूल रूप से खेती किसानी से जुड़ा पर्व है,,,,,,खेती किसानी में बैल और गौवंशी पशुओं के महत्व को देखते हुए इस दिन उनके प्रति आभार प्रकट करने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ के गांवों में इस पर्व में बैलों को विशेष रूप से सजाया जाता है,और उनकी पूजा की जाती है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कुटुंब मिलन का कार्यक्रम

**गरियाबंद,(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गरियाबंद नगर का कुटुंब मिलन का कार्यक्रम भूतेश्वर नाथ धाम में माँ भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चना व दीपप्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में अतिथि नगर संघचालक सत्यप्रकाश मानिकपुरी,नागेंद्र वशिष्ठ क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मध्य क्षेत्र,षडानंद सरवांकर विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन राजिम व मुख्य वक्ता के रूप में हरिओम शर्मा प्रान्त संयोजक कुटुंब प्रबोधन छत्तीसगढ़,रहे। सर्वप्रथम भजन कीर्तन के पश्चात आये हुये कुटुंब मित्रों का वर्ग सह खेल हुआ जिसमें युवा महिलाओं,बुजुर्ग माताओं, बालिकाओं, युवा भैया, वरिष्ठ भैया लोगों के साथ छोटे बालको ने विभिन्न खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिए। खेल के बाद 6 समूह में देश भक्ति गीत,भजन,दोहा, श्लोक पर आधारित अन्ताक्षरी के साथ समूह में बौद्धिक प्रश्न मंच हुआ जिसमें भारत,छत्तीसगढ़,गरियाबंद रामायण,महाभारत,विधिध सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न पूछे गए जिसे सभी ने बहुत ही उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए।अतिथि उद्बोधन में नागेंद्र ने कुटुंब प्रबोधन के 6 भ को क्रमश:भाषा,भूषा,भोजन,भजन,भवन व भ्रमण को हमे अपने परिवार में अपनाने के साथ संयुक्त परिवार को कैसे बचाये,बच्चों में कैसे सनातन संस्कार को जागृत किया जाए इस पर चिंतन करना होगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने भारतीय परिवार व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताते हुए समाज मे पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता,स्व की भावना,पर्यावरण,नागरिक कर्तव्य बोध व कुटुंब प्रबोधन को बहुत ही विस्तार से रखा।भारत मे और विदेशों में परिवार की स्तिथि पर प्रकाश डाला।अतिथि उद्बोधन के बाद सामुहिक भोजन किया गया।ततपश्चात विभाग संयोजक षडानंद ने परिचय के महत्व को बतलाते हुए सभी आये 93 परिवार के 306 कुटुंब मित्रो को अपना आये हुए सपरिवार का परिचय के लिये आमंत्रित किया गया तथा सभी क्रमस: परिचय दिए।कार्यक्रम के अंत मे भूतेश्वर नाथ की महाआरती किया गया।कार्यक्रम में प्रान्त टोली से रचना शर्मा,खंड संघचालक महेन्द्र सोनी,जिला कार्यवाह चंद्रशेखर नागेश,जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन धमतरी पोखन लाल साहू,गरियाबंद से कमलनारायण वर्मा, जिला व्यवस्था प्रमुख डिगेश्वर साहू,जिला कार्यकारिणी सदस्य केशर कुमार निर्मलकर,जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर विश्व हिंदू परिषद गरियाबंद,ननगर विस्तारक होरी लाल व बहुत संख्या में नगर के कुटुंब मित्र उपस्थित रहे ।

# बुधनी ने क्षय रोग से जीती जंग, संकल्प और सहयोग से मिली नई जिंदगी



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक माकड़ी के ग्राम पंचायत बेलगाँव की 24 वर्षीय बुधनी सोरी की कहानी प्रेरणा से भरी है। यह कहानी बताती है कि संकल्प और सही उपचार से टीबी जैसी गंभीर बीमारी को भी हराया जा सकता है। बुधनी एक सामान्य ग्रामीण महिला हैं, जो अपने चाचा के परिवार के साथ धौड़ामल गांव में रहती हैं। उनकी दिनचर्या में घर के काम में परिवार का साथ देना शामिल था। लेकिन अचानक उनका जीवन तब बदल गया जब उन्हें लंबे समय तक खांसी, बुखार, भूख में कमी और कमजोरी महसूस होने लगी। शुरुआत में बुधनी ने इसे साधारण बुखार समझा लेकिन जब उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो परिवार ने गांव के वैद्यराज से जड़ी-बूटी का इलाज कराना शुरू किया। जब यह उपचार भी असफल रहा तो परिवार ने बुधनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी ले जाने का निर्णय लिया। वहां की जांच में पता चला कि बुधनी को टीबी हो गया है। इस खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया क्योंकि ग्रामीण इलाकों में टीबी को लेकर कई प्रकार के मिथक और डर व्याप्त है। बुधनी के लिए यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी कठिन समय था। बीमारी ने उनकी शारीरिक शक्ति को समाप्त कर दिया था और उनके लिए घर के कामों में सहयोग देना भी मुश्किल हो गया था। बुधनी का इलाज डॉट्स के तहत शुरू हुआ जो टीबी के उपचार का एक प्रभावी तरीका है। यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि रोगी को नियमित रूप से दवाइयां दी जाए और उनकी प्रगति पर नजर रखी जाए। शुरुआत में बुधनी को दवाइयों के कारण शरीर में खुजली, पेशाब का रंग पीला होना और मतली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्यकर्मियों, पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों और टीबी सुपरवाइजर ने बुधनी को समझाया कि यह प्रारंभिक दुष्प्रभाव होते हैं और जल्द ही ये समस्याएं ठीक हो जाएगी। उन्होंने बुधनी को बताया कि टीबी का इलाज लंबा होता है, लेकिन नियमित उपचार और सही देखभाल से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। बुधनी की इस लड़ाई में उनके परिवार के साथ-साथ टीबी मितानिन, पिरामल फाउंडेशन के सदस्य और स्वास्थ्यकर्मी ने अहम भूमिका निभाई। ग्रामीण समाज में टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों के बावजूद, बुधनी के परिवार ने पिरामल फाउंडेशन के टीबी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इस बीमारी के बारे में सही जानकारी प्राप्त की और बुधनी को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखा। परिवार ने सुनिश्चित किया कि वह समय पर अपनी दवाइयां ले और पोषण पर विशेष ध्यान दे। गांव के स्वास्थ्यकर्मियों और मितानिनों ने बुधनी को साफ-सफाई का महत्व समझाया और सुनिश्चित किया कि उनका आहार पोषण से भरपूर हो। इस दौरान उन्हें प्रोटीन युक्त भोजन और पर्याप्त आराम की सलाह दी गई, ताकि उनका शरीर दवाइयों के असर को सह सके और टीबी से लड़ने में सक्षम हो सके। बुधनी सोरी ने छह महीने तक नियमित दवाइयां ली और स्वास्थ्यकर्मियों के सभी निर्देशों का पालन किया। यह सफर उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि इस दौरान उन्हें कई बार शारीरिक और मानसिक थकान का सामना करना पड़ा। लेकिन बुधनी ने कभी हार नहीं मानी। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग ने उन्हें इस कठिन लड़ाई में मजबूती दी। धीरे-धीरे उनकी तबीयत में सुधार होने लगा, और अंतत: उनकी टीबी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आ गई। यह सुनकर न केवल बुधनी बल्कि उनका पूरा परिवार और स्वास्थ्यकर्मी बेहद खुश हो गए। बुधनी सोरी अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपने सामान्य जीवन में लौट आई हैं। उनकी यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणा बन गई है। अब बुधनी टीबी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए काम करना चाहती हैं और अपने गांव को इस बीमारी से मुक्त रखने का संकल्प लिया है। उनका मानना है कि सकारात्मक सोच और सही उपचार से किसी भी बीमारी को हराया जा सकता है। उनकी कहानी ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी से लड़ रहे अन्य लोगों के लिए एक प्रेरक संदेश है कि यह बीमारी लाइलाज नहीं है समर्पण, अनुशासन और समर्थन से इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। बुधनी सोरी की इस सफलता की कहानी यह साबित करती है कि चाहे जितनी भी कठिनाइयां हो सही उपचार और सहयोग से जीवन को नई दिशा दी जा सकती है।

## व्यापार समाचार

### सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई( एजेंसी )।** मजबूत ग्लोबल संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड हाई पर खुले। कारोबार की शुरुआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश- 82,725 और 25,333 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9.22 पर सेंसेक्स 195 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,561 और निफ्टी 68 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,304 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 132 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,421 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 51 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,358 पर था। अब तक के कारोबार में ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, मेटल और मीडिया में दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा और नेस्ले टॉप गेनर्स हैं। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। टोक्यो, जकार्ता और सोल में तेजी हैं। केवल हांगकांग और शंघाई के बाजारों में गिरावट है। अमेरिका के बाजार शुक्रवार के सत्र में तेजी के साथ बंद हुए थे। चॉइस ब्रोकिंग में एनालिस्ट का कहना है कि अमेरिका में शुक्रवार को बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद होने के कारण भारतीय बाजारों में तेजी है। गैप-अप से खुलने के बाद निफ्टी के लिए 25,200, 25,100 और फिर 25,000 एक अहम सपोर्ट लेवल है। वहीं, 25,300 एवं 25,350 और फिर 25,400 एक अहम रुकावट का स्तर है।

### पेरिस पैरालंपिक में प्रीति पाल ने जीता दूसरा मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय रनर प्रीति पाल ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक 2024 में दूसरा मेडल जीत लिया. प्रीमि ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 कैटगिरी में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया है. प्रीति का ये मेडल भारत का इस पैरालंपिक में 6वां मेडल है. उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर बधाई दी. प्रीति पाल जज्बे का जीता जागता सबूत हैं. उन्होंने पेरिस पैरालंपिक 2024 में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल जीता, जो पेरिस में चल रहे खेलों में भारत का दूसरा पैरा एथलेटिक्स मेडल भी है. उनकी इस अचीवमेंट पर पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए सराहा. उन्होंने लिखा- प्रीति पाल ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. प्रीति ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जो उनका पैरालंपिक 2024 में दूसरा मेडल है. वह भारत के लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं. उनका समर्पण कमाल का है. प्रीति ने रविवार को महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में ब्रॉन्ज जीत लिया है. उन्होंने 30.01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ यह कमाल किया. इससे पहले प्रीति ने शुक्रवार को महिलाओं की 100 मीटर टी 35 दौड़ में कांस्य जीता, जो भारत का पैरालंपिक ट्रैक स्पर्धा में पहला एथलेटिक्स पदक था. बताते चलें, पेरिस पैरालंपिक 2024 के चौथे दिन भारत ने 2 मेडल जीते. जहां, प्रीति ने ब्रॉन्ज जीता, वहीं हाई जंप में निषाद कुमार ने सिल्वर मेडल जीता. इस तरह भारत के खाते में 7 मेडल्स आ गए हैं. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से ताल्लुख रखने वाली प्रीति ने छोटी से उम्र में कई दिक्कतों का सामना किया. घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी. इतना ही नहीं कमजोर और असामान्य पैर की स्थिति के कारण पैदा होने के 6 दिन बाद ही शरीर के निचले हिस्से पर प्लास्टर बांधना पड़ा था. उनका सालों तक इलाज चला, लेकिन कोई खास फायदा नहीं हुआ. प्रीति को पांच साल की उम्र में कैलिपर पहनना पड़ा जिसका आठ सालों तक उन्होंने उपयोग किया. मगर प्रीति के अंदर जज्बा था और कम उम्र में ही वह ट्रेनिंग के लिए दिल्ली आ गईं. फिर उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सपना पूरा किया और पेरिस पैरालंपिक 2024 में 2 मेडल जीतकर अपने परिवार और देश का नाम रौशन किया.

### रिकी पोंटिंग को आउट करने के बाद चर्चा में आए थे इशांत शर्मा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** लंबे बाल और 6 फुट 5 इंच की हाइट वाला ये तेज गेंदबाज अपनी सटीक यॉर्कर से बल्लेबाजों को चारों खाने चित करने का माद्दा रखता है। इस भारतीय तेज गेंदबाज का नाम इशांत शर्मा है। इस कद-काठी के खिलाड़ी टीम इंडिया में गिने-चुने ही हैं। 2 सितंबर, 1988 को जन्मे इशांत का आज 36वां जन्मदिन है। वैसे तो इस गेंदबाज से जुड़े कई जबरदस्त किस्से हैं लेकिन सबसे यादगार है उनका उस समय के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग को परेशान कर आउट करना! इसमें कोई बड़ी और हैरानी वाली बात नहीं है। बल्लेबाज और गेंदबाजों में नोक झोंक होती रहती है। मगर, ये मामला इसलिए भी खास है क्योंकि इसका कनेक्शन जुड़ा है एक युवा भारतीय गेंदबाज और दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के साथ। यह ऑस्ट्रेलिया की टीम थी। दो बार की विश्व-विजेता। इसमें कोई शक नहीं है कि यह टीम दुनिया की नंबर एक टीम थी और दिग्गज खिलाड़ियों से सजी हुई थी। साल 2008 की बात है। रिकी पोंटिंग की कप्तानी में टीम लगातार 16 मैच जीत चुकी थी और ये टीम भारत के खिलाफ सीरीज में 2-0 से आगे थी और अब मुकाबला था पर्थ में। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का मैदान। ऐसी पिच जहां की उछाल और रफ्तार की मिसाल दी जाती है। यहां का रिकॉर्ड भारत के पक्ष में उस समय कभी नहीं रहा था। खराब अंपायरिंग ने भारत की हार की पटकथा लिखी थी। इसके अलावा मंकीगेट कांड की भी अपनी अलग कहानी थी। एक चुनौतीपूर्ण मुकाबले में जहां रिकी पोंटिंग, जो तेज गेंदबाजी के सामने महारथी समझे जाते हैं, उन्हें मात्र 19 साल के एक तेज गेंदबाज ने खूब परेशान किया। बता दें उस समय दिल्ली के इस गेंदबाज ने सिर्फ तीन टेस्ट मैच ही खेले थे। लेकिन उसने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज बल्लेबाज को छकाते हुए उसका विकेट हासिल किया। इशांत शर्मा का जन्म 2 सितंबर 1988 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट से की, और 2007 में भारत के लिए अपना पहला वनडे मैच खेला। अपनी तेज गति और स्विंग के लिए मशहूर इशांत को भारत के सबसे प्रभावी तेज गेंदबाजों में से एक माना जाता है।

# चक्का फेंक एथलीट योगेश कथुनिया ने भारत को दिलाया आठवां पदक

**लगातार दूसरी बार जीता रजत**




**पेरिस( एजेंसी )।** भारत के योगेश कथुनिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता। कथुनिया ने इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। इसी तरह भारत अब तक इन खेलों में आठ पदक जीत चुका है जिसमें एक स्वर्ण भी शामिल है। इस 29 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले प्रयास में मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42.22 मीटर की दूरी तय की। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर की दूरी के साथ इन खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। ग्रीस के कंन्स्टेंटिनो तजौनिस ने 41.32 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। एफ 56 वर्ग में भाग लेने वाले वाले खिलाड़ी बैठ कर प्रतिस्पर्धा करते है। इस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी होते है जिनकी रीढ़ की हड्डी क्षतिग्रस्त होती है और शरीर के निचले हिस्से में विकार होता है। रजत जीतने के बावजूद योगेश कथुनिया अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कई प्रमुख टूर्नामेंटों में दूसरे स्थान की बाधा को पार नहीं कर पा रहे हैं। कथुनिया ने मैच के बाद कहा, प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत पदक मिला। मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। पिछले कुछ समय से मैं केवल रजत जीत रहा हूं, चाहे वह टोक्यो पैरालंपिक हो या आज, विश्व चैंपियनशिप या एशियाई खेल..हर जगह मैं रजत जीत रहा हूं। गाड़ी अटक गई है। मुझे लगता है कि मुझे और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अब मुझे स्वर्ण पदक चाहिए। कथुनिया नौ साल की उम्र में गुइलेन-बैरी सिंड्रोम से ग्रसित हो गए थे। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर के अंगों में सुन्नता, झनझनाहट के साथ मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और बाद में यह पैरालिसिस का कारण बनता है। वह बचपन में व्हीलचेयर की मदद से चलते थे लेकिन अपनी मां मीना देवी की मदद से वह बाधाओं पर काबू पाने में सफल रहे। उनकी मां ने फिजियोथेरेपी सीखी ताकि वह अपने बेटे को फिर से चलने में मदद कर सके। कथुनिया के पिता भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। कथुनिया ने दिल्ली के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक किया है।

## सात महीने प्रेग्नेंट एथलीट ने पैरालंपिक में रच दिया इतिहास, हर तरफ हो रही तारीफ




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट्स का हौसला और जुनून देखने को लायक है. ऐसी ही एथलीट हैं ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम, जिन्होंने 7 मंथ प्रेग्नेंट होने के साथ ना केवल इस इवेंट में हिस्सा लिया बल्कि मेडल जीतकर इतिहास भी रच दिया. वह ग्रिनहम प्रेगनेंसी के साथ पेरिस पैरालंपिक में मेडल जीतने वाली पहली पैरा एथलीट बन गई हैं. ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम का नाम इस वक्त चर्चा में बना हुआ है और हर कोई उनके जज्बे को सलाम ठोक रहा है. जोड़ी ग्रिनहम ने 7 महीने की प्रेग्नेंट रहते हुए पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लिया, जहां जोडी ग्रिनहम ने वुमेंस कंपाउंड में ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पैटर्सन पाइन के खिलाफ ब्रॉन्ज मेडल का मैच खेला, जिसमें 142-141 के स्कोर से जीत अपने नाम की. इस मैच में उन्होंने फोएबे पैटर्सन पाइन को धूल चटाई. इस जीत के साथ ही ग्रिनहम का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. वह पेरिस पैरालंपिक में मेडल जीतने वाली पहली पैरा एथलीट बन गईं. करीब 28 हफ्ते यानी 7 महीनें की प्रेग्नेंट रहते हुए इस इवेंट में हिस्सा लेने का फैसला किया. जोडी ग्रिनहम ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में शामिल हैं. उनके बाएं हाथ में विकलांगता है और दाएं हाथ से निशाना लगाती हैं. इतना ही नहीं, उन्होंने आर्चरी के मिक्स्ड टीम कंपाउंड के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बना ली है, जो 02 सितंबर यानि आज खेला जाएगा. जोडी ग्रिनहम ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद जोड़ी ग्रिनहम ने कहा, निशाना लगाते वक्त बच्चे ने पेट के अंदर किक मारना बंद नहीं किया. मुझे ऐसा अहसास हो रहा था कि बच्चा पूछ रहा हो कि मम्मी आप क्या कर रही हैं? लेकिन यह मेरे पेट में मौजूद सपोर्ट बबल एक प्यारी मैमोरी दिलाता है.

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने 7 वर्षों में डीबीटी के जरिए आम जनता को हस्तांतरित किए 45,000 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए बीते सात वर्षों में 45,000 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। संचार मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई। मंत्रालय द्वारा कहा गया कि पिछले सात वर्षों में आईपीपीबी ने पेपरलेस, कैशलेस और प्रसेंजलेस बैंकिंग जैसी सुविधाएं पेश की हैं और 9.88 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा है। आईपीपीबी की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 सितंबर, 2018 को की गई थी। यह संचार मंत्रालय के डाक विभाग के तहत आता है। इसे किफायती दरों पर डिजिटल बैंकिंग सेवाएं वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हम भारत के वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के सात साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, आईपीपीबी ने अब तक जितना प्रभाव स्थापित किया है उस पर हमें गर्व है। हमारा मिशन देश के हर नागरिक की बैंकिंग तक पहुंच (विशेषकर दूर-दराज और उत्तर-पूर्व के इलाकों में) सुनिश्चित करना है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि आईपीपीबी ने इंडिया पोस्ट के 1.61 लाख ऑफिस और 1.90 लाख पोस्टल कर्मचारियों के नेटवर्क का फायदा उठाया है। साथ ही पिछले सात वर्षों में वित्तीय सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। बीते सात वर्षों में आईपीपीबी के नेटवर्क पर 12 लाख से अधिक दुकानदार जुड़े हैं।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की खावड़ा में 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन के साथ और मजबूत हुई स्थिति




**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ( एईएसएल) की ओर से कहा गया कि कंपनी की ओर से खावड़ा फेस-आईवी पार्ट-ए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। इससे देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में एईएसएल की स्थिति और मजबूत होगी। 4,091 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में 298 किलोमीटर लंबी 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन है, जो कि खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से राष्ट्रीय ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करेगी। एईएसएल की ओर से यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रोसेस से जीता गया है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीने में कमीशन किया जाएगा और 35 वर्षों तक कंपनी इसकी देखरेख करेगी। एईएसएल के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क खावड़ा को वर्ल्ड क्लास के साथ मजबूत और फ्यूचर रेडी ट्रांसमिशन नेटवर्क की जरूरत है। यह निवेश 30 गीगावाट की क्षमता वाले रिन्यूएबल पार्क खावड़ा से बिजली ट्रांसमिशन करने के साथ ग्रिड की स्थिरता के लिए भी जरूरी है। पटेल ने आगे कहा, एईएसएल को इस पहल का हिस्सा बनने पर काफी गर्व है। यह राष्ट्रीय ग्रिड में ग्रीन एनर्जी के प्रवाह के साथ भारत के नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मदद करेगा। खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) है, जिसे आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा रिन्यूएबल पार्क से 7 गीगावाट की बिजली उठाने के लिए बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एईएसएल द्वारा इसका अधिग्रहण किया गया था। एईएसएल के पास अब 21,783 सीकेएम की ट्रांसमिशन लाइन्स हैं। साथ ही 61,686 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता है। अदाणी ग्रुप की ओर से गुजरात के खावड़ा में 30 गीगावाट की क्षमता वाला रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बनाया जा रहा है। इसमें सोलर के साथ पवन ऊर्जा से भी बिजली का उत्पादन किया जाएगा।

## जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने से पाकिस्तान की लगी लॉट्री, बड़ी जिम्मेदारी संभालेगा पीसीबी

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** बीसीसीआई सचिव जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया है. जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने से बीसीसीआई सचिव पद खाली होने के साथ-साथ एशियाई क्रिकेट परिषद यानि एसीसी प्रमुख पद भी खाली हो रहा है. खबर सामने आ रही है कि इधर जय शाह आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे, उधर पाकिस्तान की लॉट्री लगेगी. आइए आपको बताते हैं कैसे... जय शाह के आईसीसी चेयरमैन चुने जाने के बाद अब एसीसी प्रमुख की तलाश शुरू हो गई है. रिपोर्ट्स की मानें, तो एशियाई क्रिकेट काउंसिल प्रमुख बनने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी रेस में सबसे आगे चल रहे हैं. जी हां, दावा किया जा रहा है कि जय शाह के बाद ये जिम्मेदारी नकवी को सौंपी जा सकती है. सूत्रों ने बताया है कि, %%जब इस साल के अंत में एसीसी की मीटिंग होगी, तब यह पुष्टि हो जाएगी कि नकवी 2 साल के कार्यकाल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे. जब जय शाह पद छोड़ देंगे, तो पीसीबी प्रमुख कार्यभार संभालेंगे. आपको बता दें, आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हो रहा है. इसके बाद जय शाह यह पद संभालेंगे. वहीं, शाह 1 दिसंबर से कार्यभार संभालेंगे. जय शाह को निर्विरोध आईसीसी का चेयरमैन चुना गया है. अगर आईसीसी के नियमों को देखें तो चेयरमैन के चुनाव में 16 डायरेक्टर वोट करते हैं. ऐसे में 9 वोट मिलना जरूरी होता है यानी चेयरमैन पद के लिए दो-तिहाई बहुमत का होना जरूरी होता है, लेकिन जय शाह को 15 वोट मिले, जो वाकई कमाल की बात रही.

## भारतपे ने कंज्यूमर पेमेंट्स में कदम रहते हुए अपने कंज्यूमर ऐप को लॉन्च किया: पोस्टपे ऐप को भारतपे में रीब्रांड किया

**गुरुग्राम:** भारत के प्रमुख फिनटेक ब्रांड भारतपे ने उपभोक्ता भुगतान में कदम रखते हुए भारत के लाखों ग्राहकों के लिए अपना यूपीआई TPAP (थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर) लॉन्च किया। भारतपे ने यह भी घोषणा की कि उसने पोस्टपे ऐप को रीब्रांड कर भारतपे नाम से लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ, भारतपे उन लाखों ग्राहकों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा जो डिजिटल भुगतान का उपयोग करते हैं। ग्राहक भारतपे ऐप पर अपनी यूपीआई आईडी बना सकते हैं और व्यक्तियों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भुगतान कर सकते हैं, और सीधे यूपीआई ऐप के माध्यम से कई बिलों का भुगतान भी कर सकते हैं। ग्राहक @bpunity एक्सटेंशन के साथ अपना हैंडल बना सकते हैं। यूपीआई TPAP अब सभी एंड्राइड उपयोगकर्ताओं के लिए प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। कंपनी ने TPAP को सक्षम करने के लिए यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी की है। भारतपे ऐप भुगतान के कई उपयोग मामलों की सेवा करता है।

ग्राहक स्कैन एंड पे, स्वयं को भुगतान, व्यापारी को भुगतान, बैंक को भुगतान, यूपीआई आईडी को भुगतान, बैंक ट्रांसफर, बैलेंस चेक, संग्रह प्राधिकरण, संग्रह अनुरोध उठाने और प्रीपेड, पोस्टपेड, गैस, डीटीएच, बिजली बिलों और बीमा भुगतान श्रेणी के बिलरों की एक श्रृंखला में उपयोगिता बिल भुगतान सहित विभिन्न सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक भारतपे ऐप का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक, मनोरंजन, फैशन, भोजन, यात्रा, वेलनेस आदि सहित कई श्रेणियों में प्रसिद्ध ऑफलाइन और ऑनलाइन ब्रांडों से छूट पर गिफ्ट वाउचर खरीद सकते हैं। नया भारतपे ऐप यूपीआई लाइट फीचर भी प्रदान करता है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन वॉलेट को प्रीलोड करने और P2P और P2M लेनदेन में यूपीआई पिन का उपयोग किए बिना 500 रुपये तक के लेनदेन करने में सक्षम बनाता है। लॉन्च पर बात करते हुए भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, हम भारतपे को भारत के ग्राहकों और व्यापारियों के लिए एक पसंदीदा वित्तीय प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## टाटा मोटर्स ने अपनी मिड-एसयूवी कर्व को 9.99 लाख रुपये में लॉन्च किया

**रायपुर।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपनी नई एसयूवी कूपे, टाटा कर्व, को 9.99लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया है। यह टाटा मोटर्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और कंपनी ने इसके साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में नई शुरुआत की है। टाटा कर्व तीन इंजन विकल्पों के साथ आती है, जिसमें एडवांस डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन शामिल है। यह नए हाइपीरियन गैसोलीन इंजेक्शन इंजन, 1.2रु रेवोट्रॉन पेट्रोल इंजन, और 1.5रु क्रायोजेट डीजल इंजन के साथ उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार विकल्प मिलते हैं। खास बात यह है कि कंपनी ने डीजल इंजन में सेगमेंट का पहला डुअल क्लच ट्रांसमिशन पेश किया है। टाटा मोटर्स ने अपनी नई प्रीमियम एसयूवी कूपे, टाटा कर्व, को लॉन्च कर इस सेगमेंट में बड़ा बदलाव लाया है। यह बॉडी स्टाइल दुनिया भर में अपनी अनोखी डिजाइन और महत्वाकांक्षी रूप के लिए जानी जाती है। कर्व अपनी तरह की पहली कार है जिसमें सबसे बेहतरीन सुरक्षा दी गई है, और इसमें कई नई विशेषताएं और पावरट्रेन के अलग-अलग विकल्प भी दिए गए हैं। यह कार छह खास रंगों में उपलब्ध है ङ्क गोल्ड एसेंस, डेटोना ग्रे, प्रिस्टीन व्हाइट, फ्लेम रेड, प्योर ग्रे, और ओपेरा ब्लू। टाटा कर्व को एकम्प्लिश्ड, क्रिएटिव, प्योर और स्मार्ट पर्सोना के साथ पेश किया जाएगा।

**टाटा कर्व की शुरुआती कीमतें (एक्सा-शोरूम दिल्ली) -** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, टाटा कर्व की लॉन्चिंग ऑटोमोबाइल की दुनिया में एक बड़ा कदम है। यह भारत में नई एसयूवी कूपे बॉडी स्टाइल लेकर आई है, जो पहले से ही दुनिया भर में मशहूर है और अब तक केवल प्रीमियम सेगमेंट में ही उपलब्ध थी। टाटा कर्व हमारे मिड-एसयूवी सेगमेंट में सबसे खास गाड़ी है और यह डिजाइन और तकनीक में हमारे नए-नए इनोवेशन की प्रतिबद्धता को दिखाती है। हाल ही में लॉन्च की गई ष्टह्वह्र्11.द्1को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है, और ग्राहकों ने इसके शानदार फीचर्स के साथ इसकी डिजाइन और स्टाइल की भी खूब तारीफ की है।

